

हिन्दी दैनिक

# मरियम टाइम्स

RNI No-UPHIN/2015/63817

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 | अंक : 288 | लखनऊ, शुक्रवार 25 दिसम्बर 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2/– रूपया

# आत्मनिर्भर भारत अभियान विश्व कल्याण का मार्ग, देश को कर रहा सशक्त पीएम मोदी

एजेंसी

शांतिनिकेतन (कोलकाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को विश्व कल्याण का मार्ग बताया और कहा कि यह भारत को सशक्त करने के साथ विश्व में समृद्धि लाने का भी अभियान है। पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन स्थित विश्व भारती विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम सेसंबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी विश्वविद्यालय से निकला संदेश आज पूरे विश्व तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज 'अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में विश्व का नेतृत्व कर रहा है तो वह आज इकलौता बड़ा देश है जो पेरिस समझौते के पर्यावरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के सही मार्ग पर है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी इस समारोह के दौरान उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेद से विवेकानंद तक भारत के चिंतन की धारा गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के 'राष्ट्रवाद' के चिंतन में मुखर थी। उन्होंने कहा, ''उनका विजन था कि जो भारत में सर्वश्रेष्ठ है, उससे विश्व को लाभ हो और जो दुनिया में अच्छा है, भारत उससे भी सीखे। आपके विश्वविद्यालय का नाम ही देखिए, विश्व–भारती। मां भारती और विश्व के साथ समन्वय।'' उन्होंने कहा, ''विश्व भारती के लिए गुरुदेव का विजन आत्मनिर्भर भारत का भी सार है। आत्मनिर्भर भारत अभियान भी विश्व कल्याण के लिए भारत के कल्याण का मार्ग है। ये अभियान, भारत को सशक्त करने का अभियान है, भारत की समृद्धि से विश्व में समृद्धि लाने का अभियान है। रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा 1921 में स्थापित विश्व भारती, देश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है।

नोबेल पुरस्कार विजेता टैगोर पश्चिम बंगाल की प्रमुख हस्तियों में गिने जाते हैं। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। वर्ष 1951 में विश्व भारती को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था और उसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में शुमार किया गया था। प्रधानमंत्री इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होते हैं।



## राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला, कहा– देश में नहीं है कोई लोकतंत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश में अब कोई लोकतंत्र नहीं रहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आवाज उठाने वालों को आतंकवादी या राष्ट्रविरोधी करार दिया जाता है। तीन कृषि कानूनों के संबंध में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करने के बाद उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को संसद का संयुक्त सत्र बुलाना चाहिए और इन कानूनों को वापस लेना चाहिए। इस प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल थे। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया, ''प्रधानमंत्री का एक ही लक्ष्य है कि दो–चार बड़े पूंजीपतियों के लिए पैसा बनाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने क्रिसमस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व जरूरतमंदों की मदद करने तथा मिल–जुलकर खुशियां बांटने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने क्रिसमस के समस्त आयोजनों में कोविड–19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री ने महोबा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 02–02 लाख की सहायता

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद महोबा में एक सड़क दुर्घटना में छात्रों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 02–02 लाख रुपए की अनुमन्य सहायता राशि प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दुर्घटना के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

### योगी ने अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना प्रदान करने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं के लिए 59 हजार करोड़ रुपये की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से 04 करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राएं लाभान्वित होंगे। इन विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा अर्जित करने की राह और अधिक आसान हो जाएगी।

### अर्पण के तहत दान किए गरीबों में कपड़े और जरूरत का सामान

संवाददाता

लखनऊ। पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, विनम्र खण्ड, गोमती नगर ने विगत कई वर्षों से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी अर्पण कार्यक्रम के तहत आज गरीबों में कपड़े, बिस्किट व कई अन्य जरूरत के सामानों का वितरण किया। लखनऊ के हनुमान सेतु पर गुरुवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्राओं के साथ डीन डॉ. एल. एस. अवस्थी व अध्यापक भी शामिल हुए। कॉलेज की यह पहल भीषण ठंड से गरीब परिवारों को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभा रही है।

## राहुल की अगुवाई में राष्ट्रपति से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग



एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और केंद्रीय कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को संसद का संयुक्त सत्र बुलाना चाहिए और इन कानूनों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''राष्ट्रपति से हमने कहा कि ये कानून किसान विरोधी हैं और इससे मजदूरों और किसानों का बहुत नुकसान होने जा रहा है तथा किसान इन कानूनों के खिलाफ खड़ा है। गांधी ने कहा, ''प्रधानमंत्री को यह नहीं सोचना चाहिए कि ये मजदूर और किसान वापस चले जाएंगे। जब तक ये कानून वापस नहीं लिए जाते तब तक ये किसान पीछे नहीं हटेंगे।'' उन्होंने कहा, ''संयुक्त सत्र बुलाइए और कानूनों को वापस लीजिए।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री ने कानून वापस नहीं लिए तो सिर्फ भाजपा और आरएसएस को नहीं, बल्कि देश को नुकसान होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो करोड़ हस्ताक्षरों के साथ राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया है।

## अमित शाह सप्ताहांत में करेंगे असम और मणिपुर का दौरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 26 दिसंबर से असम और मणिपुर का दो दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान वह गुवाहाटी में एक मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखेंगे और असम दर्शन कार्यक्रम के तहत 8,000 'नामघरों' या वैष्णवों के मठों को वित्तीय अनुदान वितरित करेंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस बारे में बताया। मणिपुर में, केंद्रीय मंत्री चूराचंद्रपुर मेडिकल कॉलेज, म्योंगखोंग में एक आईआईटी, इंफाल में सरकारी अतिथि गृह, राज्य के पुलिस मुख्यालय और एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र की आधारशिला रखेंगे। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि 'नामघरों' को वित्तीय अनुदान का वितरण करने के अलावा शाह बाताद्रव्य थान को सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए आधारशिला रखेंगे। असम के नगांव जिले में वैष्णव संप्रदाय के मठ बाताद्रव्य थान की स्थापना 15 वीं–16 वीं सदी के असमिया संत–विद्वान, कवि और समाज सुधारक श्रीमंत शंकरदेव ने की थी। शाह गुवाहाटी में एक नए मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखेंगे। शहर में यह दूसरा मेडिकल कॉलेज होगा। इसके अलावा नौ नए विधि कॉलेज भी राज्य में बनाए जाएंगे।



असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल गुवाहाटी में कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, इंफाल के कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे।

## कांग्रेस से जुड़ाव के लिए मुझे कोई पछतावा नहीं है– उर्मिला मातोंडकर



मुंबई। अदाकारा से नेता बनीं उर्मिला मातोंडकर ने कहा कि कांग्रेस के साथ कुछ समय तक जुड़ने के लिए उन्हें कोई पछतावा नहीं है और पार्टी के नेतृत्व के लिए उनके मन में काफी सम्मान की भावना है। मातोंडकर हाल में शिवसेना में शामिल हो गयी थीं। मातोंडकर ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने एक साल में शानदार काम किया है और कोविड–19 महामारी और प्राकृतिक आपदा के समय लोगों की अच्छी देखभाल की। मातोंडकर (46) ने कहा कि वह ''जनता की अदाकारा'' हैं और ''जनता की नेता'' बनने के लिए कठिन मेहनत करेंगी। उन्होंने कहा, ''मैं ऐसी नेता नहीं बनना चाहती, जो एसी रूम में बैठकर ट्वीट करे...मुझे पता है क्या करना है और कैसे काम करना है। मैं अनुभवों से सीख लूंगी।'मातोंडकर 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर मुकाबले में उतरी थीं लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। एक साल बाद वह शिवसेना में शामिल हो गयीं। वह पिछले साल मार्च में कांग्रेस में शामिल हुई थीं और सितंबर में उन्होंने पार्टी छोड़ दी। कांग्रेस से कुछ समय के लिए अपने जुड़ाव पर उन्होंने कहा, ''मैं छह महीने से भी कम पार्टी में रही और लोकसभा चुनाव के लिए 28 दिनों तक प्रचार की अच्छी यादें मेरे साथ हैं।'' मातोंडकर ने कहा कि वह ऐसी शख्स नहीं हैं कि 'उन्हें कोई अफसोस हो।' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस छोड़ने के बाद भी पार्टी के बारे में मैंने कुछ नहीं कहा।

## गोधन न्याय योजना से गोपालकों की आर्थिक स्थिति में आ रहा है सुधारः भूपेश बघेल



एजेंसी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश सरकार की गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में गोबर खरीदी की 10वीं किश्त की राशि के रूप में 5 करोड़ 12 लाख रूपए की राशि गौपालकों के खाते में अंतरित की। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1 लाख 40 हजार से अधिक पशुपालक लाभान्वित हो रहे हैं। विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत अब तक गौपालकों को 64 करोड़ 20 लाख रूपए की राशि दी जा चुकी है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में परिवर्तन आ रहा है। रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और किसान जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। गोधन न्याय योजना में गोबर खरीदी के साथ–साथ हजारों ग्रामीण महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन का कार्य कर रही है। वर्मी कम्पोस्ट की विक्रय दर 8 रूपए प्रति किलो से बढ़ाकर 10 रूपए प्रति किलो कर दी गई है। इस योजना से नए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। जो किसान वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर रहे हैं, वे जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। बघेल ने कहा कि जैविक खेती में उत्पादित होने वाले अनाज और फलों की कीमत डेढ़ से दोगुनी बढ़ जाती है। इससे किसानों की आय में भी अच्छी खासी वृद्धि होगी। उन्होंने गोधन योजना से जुड़े सभी हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे और कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम. गीता उपस्थित थीं। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. गीता ने बताया कि प्रदेश में 7 हजार 824 गौठान स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें से 4 हजार 704 गौठान पूरे हो गए हैं। इनमें से 4 हजार 173 गौठान सक्रिय हैं। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत अब तक 32 लाख 10 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है। गोबर से गौठानों में तैयार की गई 8 हजार 50 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट की अब तक बिक्री की जा चुकी है।

## विपक्षी दल किसानों को कर रहे हैं गुमराह, मोदी सरकार है किसानों की हितैषी:डा0 अशोक बाजपेई


हरदोई ! भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य डॉ अशोक बाजपेई ने देश के विपक्षी दलों पर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि वो देश के किसानों को सरकार के खिलाफ बरगला व भड़का रहे हैं । डॉक्टर बाजपेई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों का हितैषी बताते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में जितनी योजनाएं व विकास कार्यक्रमों को मोदी सरकार ने लागू किया उतना किसी भी पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया है। अपने अनुज अजय बाजपेई भुल्लन भाई के आवास पर ष्मरियम टाइम्सष से विशेष बातचीत के दौरान सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आंदोलन कर रहे किसानों के साथ वार्ता के द्वार खोल रखे हैं , सभी राष्ट्रीय स्तर के नेताओं, कैबिनेट मंत्रियों ,कृषि मंत्री , गृह मंत्री के साथ कई दौर की बातचीत भी आंदोलनरत किसानों के साथ हो चुकी है ।

डॉक्टर बाजपेई ने विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही इसका कोई ना कोई समाधान अवश्य निकलकर सामने आएगा। सांसद अशोक बाजपेई ने देश के प्रमुख विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस, वामपंथी दल ,समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों को देश की जनता ने संपन्न हुए लगभग हर चुनाव में जब नकार दिया तो किसानों के साथ खड़े होने का ढोंग रचाने लगे ।

सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने कहा कि आंदोलनरत किसानों में अधिकांश किसान पंजाब व कुछ हरियाणा से संबंधित हैं, देश के अन्य राज्य के किसानों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत से गदगद राज्यसभा सदस्य डॉ अशोक बाजपेई ने कहा कि जम्मू कश्मीर की जनता ने धारा 370 और 35 को हटाने का पुरजोर समर्थन करते हुए वहां के विकास और राष्ट्रवाद के नाम पर भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता डॉक्टर बाजपेई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के शासनकाल में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान , चीनी मिलों में गन्ना की पिराई समेत अन्य कृषि कार्य से संबंधित समस्या का तेजी के साथ समाधान करने का काम किया गया है। दिल्ली के डिप्टी सीएम शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया व कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री प्रियंका गांधी द्वारा लखनऊ में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की अनुमति न दिए जाने की बाबत पूछने पर सांसद डॉक्टर बाजपेई ने बताया कि जिस क्षेत्र में धारा 144 लगी होती है और कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का अंदेशा होता है वहां पर जिला प्रशासन ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति नहीं देता है । डॉक्टर बाजपेई ने आम आदमी पार्टी व कांग्रेस द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों को राजनीति से प्रेरित भी करार दिया। पंचायत चुनाव की बाबत पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में सांसद डॉक्टर बाजपेई ने कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर तक कार्यकर्ता इन चुनाव में गंभीरता के साथ जुड़े हुए हैं और पंचायत चुनाव में भाजपा का परचम निश्चित रूप से फैरेगा ।



## प्रियंका गांधी ने पार्टी पदाधिकारियों को दिया निर्देश, बोलीं– महीने में 20 दिन अपने प्रभार वाले जिलों में रहें



संवाददाता, लखनऊ। कांग्रेस महासचिव और पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने सभी प्रभारी पदाधिकारियों को महीने में 20–22 दिन अपने जिम्मे वाले जिलों में जाकर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। प्रियंका ने बृहस्पतिवार को प्रदेश कार्यकारिणी तथा जिला एवं शहर अध्यक्षों की बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारियों जिन्हें विभिन्न जिलों का प्रभार दिया गया है, वे महीने में 20–22 दिन अपने प्रभार वाले क्षेत्र में जाकर संगठन को मजबूत करने के लिए काम करें। प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक ललन कुमार ने बताया कि प्रियंका ने प्रदेश के सचिव, महासचिव समेत तमाम पदाधिकारियों को एक–एक जिले की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रियंका ने साथ ही पिछले एक महीने से जारी संगठन सृजन अभियान के तहत हर ब्लॉक में जाकर बूथ को मजबूत करने की मुहिम में और तेजी लाने के निर्देश भी दिए हैं। प्रियंका ने पदाधिकारियों से कहा है कि वे अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आगामी तीन जनवरी से प्रवास का कार्यक्रम शुरू करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाएं।

## सम्पादकीय

# निशाने पर राहुल गांधी

नीति आयोग के अमिताभ कांत को लगता है कि जरूरत से ज्यादा लोकतंत्र हमारे देश की जड़ें खोद रहा है, जबकि कांग्रेस के वरिष्ठजनों को लगता है कांग्रेस में जरूरत से कम लोकतंत्र उसे लगातार कमजोर बनाता जा रहा है. लोकतंत्र ही है एक ऐसा खिलौना, जिससे अमिताभ कांत जैसे लोग भी और कांग्रेस के 'दादा' लोग भी जब चाहें, वैसे खेलते हैं. लेकिन, मुसीबत है कि लोकतंत्र कोई खिलौना नहीं है. एक गंभीर प्रक्रिया व गहरी आस्था है. कांग्रेस के 'दादाओं' को लगता है कि नेहरू–परिवार की मुट्ठी में पार्टी का दम घुट रहा है. सबकी उंगली राहुल गांधी की तरफ उठती है कि वे राजनीति को गंभीरता से नहीं, सैर–सपाटे की तरह लेते हैं. लेकिन उनमें से कौन कांग्रेस की कमजोर होती स्थिति को गंभीरता से लेता है? मोतीलाल नेहरू से शुरू कर इंदिरा गांधी तक नेहरू–परिवार अपनी बनावट में राजनीतिक प्राणी रहा है और अपनी मर्जी से सत्ता की राजनीति में उतरा है. संजय गांधी को भी परिवार की यह भूख विरासत में मिली थी. अगर हवाई जहाज की दुर्घटना में उनकी मौत न हुई होती, तो नेहरू परिवार का इतिहास व भूगोल दोनों आज से भिन्न होता. उनकी मौत के बाद इंदिरा समझ सकीं कि उनके वारिस राजीव गांधी में वह राजनीतिक भूख नहीं है. उन्होंने राजीव गांधी पर सत्ता थोप दी, ताकि उनकी भूख जागे. पुरानी बात है कि कुछ महान पैदा होते हैं, कुछ महानता प्राप्त करते हैं और कुछ पर महानता थोप दी जाती है. अनिच्छुक राजीव गांधी पर मां ने सत्ता थोप दी और जब तक वे इसके रास्ते–गलियां समझ पाते, मां की भी हत्या हो गयी. थोपी हुई सत्ता राजीव से चिपक गयी और धीरे–धीरे राजीव अनिच्छा से बाहर निकलकर, सत्ता की शक्ति और सत्ता का सुख, दोनों समझने और चाहने लगे. उनमें मां का तेवर तो नहीं था, लेकिन तरीका मां का ही था. तमिलनाडु की चुनावी सभा में, लिट्टे के मानव–बम से वे मारे नहीं जाते, तो हम उन्हें अपने खानदान के रंग व ढंग से राजनीति करते देखते. विश्वनाथ प्रताप सिंह की दागी बोफोर्स तोप के निशाने से पार पाकर, वे अपने बल पर बहुमत पाने और सत्ता की बागडोर संभालने की तैयारी पर थे. राजीवविहीन कांग्रेस इस शून्य को भरने के लिए फिर नेहरू–परिवार की तरफ देखने लगी, लेकिन अब वहां बची थीं सिर्फ सोनिया गांधी, राजनीति से एकदम अनजान व उदासीन, दो छोटे बच्चों को संभालने व उन्हें राजनीति की धूप से बचाने की जी–तोड़ कोशिश में लगी एक विदेशी लड़की! लेकिन जो राजीव गांधी के साथ उनकी मां ने किया, वैसा ही कुछ सोनिया गांधी के साथ कांग्रेस के उन बड़े नेताओं ने किया, जो नरसिम्हा राव, सीताराम केसरी आदि मोहरों की चालों से बेजार हुए जा रहे थे.

उन्होंने सोनिया गांधी पर कांग्रेस थोप दी. फिर सोनिया गांधी ने वह किया जो उनके पति राजीव ने किया था– राजनीति को समझा भी और फिर उसमें पूरा रस लेने लगीं. मुझे पता नहीं कि आधुनिक दुनिया के लोकतांत्रिक पटल पर कहीं कोई दूसरी सोनिया गांधी हैं या नहीं. सोनिया गांधी ने कांग्रेस को वह सब दिया जो नेहरू–परिवार से उसे मिलता रहा था– बस अंतर था कि वे इस परिवार की इटली–संस्करण थीं. सोनिया गांधी ने बहुत संयम, गरिमा से बारीक राजनीतिक चालें चलीं. प्रधानमंत्री की अपनी कुर्सी किसी दूसरे को दे देने और फिर भी कुर्सी को अपनी मुट्ठी में रखने का कमाल भी उन्होंने कर दिखलाया. राहुल गांधी को उनकी मां ने कांग्रेस–प्रमुख व प्रधानमंत्री की भूमिका में तैयार किया. राहुल भी अपने पिता व मां की तरह ही राजनीति के तालाब की मछली नहीं थे लेकिन उन्हें मां ने चुनने का मौका नहीं दिया. राहुल तालाब में उतार तो दिये गये. जल्द ही वे इसका विशाल व सर्वभक्षी रूप देख कर किनारे भागने लगे. इसका मतलब यह नहीं है कि राहुल को राजनीति नहीं करनी है या वे सत्ता की तरफ उन्मुख नहीं हैं. अब तो उनकी शुरुआती झिझक भी चली गयी है लेकिन, कांग्रेस का इंदिरा गांधी संस्करण उनको पचता नहीं है. वे इसे बदलना चाहते हैं, लेकिन वह बदलाव क्या है और कैसे होगा, इसका उनके पास साफ नक्शा नहीं है. यहीं आकर कांग्रेस ठिठक गयी है. मतदाता उसकी मुट्ठी से फिसलता जा रहा है. वह अपनी मुट्ठी कैसे बंद करे, यह बतानेवाला उसके पास कोई नहीं है. यदि राहुल गांधी यह समझ लें कि आगे का रास्ता बनाने के लिए नेतृत्व को एक बिंदु से आगे सफाई करनी ही पड़ती है. जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, उनके पिता राजीव गांधी, सबने ऐसी सफाई की है. राहुल यहीं आकर चूक जाते हैं या पीछे हट जाते हैं. वे कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे, लेकिन अब तक अपनी टीम नहीं बना पाये हैं. कांग्रेस को ऐसे राहुल की जरूरत है जो उसे गढ़ सके और आगे ले जा सके. वह तथाकथित 'वरिष्ठ कांग्रेसजनों' से पूछ सके कि यदि मैं कांग्रेस की राजनीति को गंभीरता से नहीं ले रहा हूं, तो आपको आगे बढ़कर गंभीरता से लेने से किसने रोका है? पिछले संसदीय चुनाव या राज्यों के चुनाव में इन वरिष्ठ कांग्रेसियों में से कोई काम करता दिखायी नहीं दिया, दिखायी नहीं देता है तो क्यों? जब राहुल श्चौकीदार चोर है!श की हांक लगाते सारे देश में घूम रहे थे, तब कोई वरिष्ठ कांग्रेसी उसकी प्रतिध्वनि नहीं उठा रहा था? अगर ऐसे नारे से किसी को एतराज था, तो किसी ने कोई नया नारा क्यों नहीं गुंजाया? ऐसा क्यों है कि राहुल ही हैं कि जो अपने बयानों–ट्विटों में सरकार को सीधे निशाने पर लेते हैं बाकी कौन, कब, क्या बोलता है, किसने सुना है? शुरू में राहुल कई बार कच्चेपन का परिचय दिया करते थे, क्योंकि उनके पीछे संभालने वाला कोई राजनीतिक हाथ नहीं था. अब वक्त ने उन्हें संभाल दिया है. इस राहुल को कांग्रेस अपनाने को तैयार हो तो कांग्रेस के लिए आज भी आशा है. राहुल को पार्टी के साथ काम करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस में आज राजस्थान के मुख्यमंत्री के अलावा दूसरा कोई नहीं है, जो पार्टी को नगरपालिका का चुनाव भी जिता सके. अशोक गहलोत कांग्रेस के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने खुली चुनौती देकर भाजपा को चुनाव में हराया और फिर चुनौती देकर सरकार गिराने की रणनीति में उसे मात दी. यह राजनीति का राहुल–ढंग है. ऐसी कांग्रेस और ऐसे राहुल ही एक–दूसरे को बचा सकते हैं.

# बचाव ही उपाय

ब्रिटेन में कोविड–19 वायरस के नये रूप के संक्रमण ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है. वैक्सीन के आने से उम्मीद की जा रही थी कि नये साल में कोरोना संकट को काबू में कर लिया जायेगा, लेकिन अब लगता है कि महामारी से लड़ाई अभी जारी रहेगी. भारत समेत कई देशों ने इस कारण ब्रिटेन से अपनी हवाई सेवाएं स्थगित कर दी हैं. ब्रिटेन से भारत आनेवाले बीस यात्री अभी तक संक्रमित पाये गये हैं तथा बीते कुछ दिनों में आये सभी यात्रियों की जांच करने की कोशिश हो रही है. विभिन्न शहरों और हवाई अड्डों पर भी विशेष व्यवस्था की गयी है. हालांकि अभी तक भारत में इस नये वायरस के आने की पुष्टि नहीं की गयी है, लेकिन इसके अनेक देशों में पाये जाने की वजह से लगातार निगरानी रखी जा रही है. जानकारों के मुताबिक, कोविड–19 के इस नये स्ट्रेन में 17 बार बदलाव हुआ है तथा यह पूर्ववर्ती वायरस से 70 प्रतिशत अधिक संक्रामक है. अभी तक यह माना जा रहा है कि नये वायरस के संक्रमण का मृत्यु दर पर असर नहीं पड़ा है तथा भारत और अन्य देशों में विकसित की जा रही वैक्सीनों की क्षमता भी इससे प्रभावित नहीं होगी. किंतु यह शुरुआती अनुमान ही है और हमें पुख्ता जानकारी के लिए कुछ देर इंतजार करना होगा. संतोष की बात है कि भारत में वायरस के कई नमूनों पर पहले से ही शोध हो रहा है और हमारे विशेषज्ञों के पास इस बारे में काफी जानकारी है. यदि भारत में वायरस अपने नये रूप में आता है, तो उसकी तुरंत पहचान की जा सकेगी. बीते दस महीने में लोगों को भी सतर्कता बरतने और बचाव के उपायों का समुचित अनुभव हो चुका है तथा अभी भी लंबे समय तक मास्क लगाने, सैनिटाइजर इस्तेमाल करने तथा शारीरिक दूरी का ध्यान रखने की जरूरत है. नये वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए भी इन्हीं उपायों पर अमल करना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा लगातार कहा जाता रहा है कि जब तक आबादी के बड़े हिस्से को टीका नहीं लग जाता है, तब तक किसी भी तरह की लापरवाही हमें मुश्किल में डाल सकती है।

# हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से गुदगुदाया

हरदोई मेला महोत्सव के छठे दिन 23 दिसम्बर दिन बुधवार को हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा की श्रोता सर्द मौसम में भी देररात तक कुर्सियों पर डटे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक शाहबाद रजनी तिवारी ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र श्मधुरश व भाजपा के अवध क्षेत्र के मंत्री पी के वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।कवि सम्मेलन की शुरुआत सीतापुर से आये गीतकार जगजीवन मिश्र की वाणी वन्दना से हुई। हरदोई के युवाकवि प्रखर पाण्डेय ने ष्काकरोच से भी गर डरने लगीं तो फिर,दुर्गा सी शेर पर सवारी कौन करेगाष्कविता पढ़ तालियां बटोरी।बाराबंकी से आये हास्य कवि प्रमोद पंकज ने ष्ताली के लिए कवियों के मन तरस रहे थे !!
सड़को पे बिना पूंछे डंडे बरस रहे थे !!!चांदनी को कब अपने चाँद से मिलाओगे !!खुद तो कर नहीं सकते मेरी कब कराओगे !ष्कविता पढ़ श्रोताओं को जमकर हंसाया।श्रावस्ती से पधारे शायर धर्मराज उपाध्याय नेष्मुझे न तीर न तलवार की जरूरत है,सच कहने को बस अखबार की जरूरत हैष्गजल पढ़ वाहवाही लूटी।लखनऊ से आये ओज कवि प्रख्यात मिश्र नेष्कल थे हृदय में वे कल भी रहेंगे,अटल जी हमारे अटल जी रहेंगे ष्कविता काफी सराही गई।लखीमपुर से आई कवयित्री रंजना सिंहश्हयाश ने बेटियों को समर्पित




रचना ष्कली होती है जमाने में महक देने को,इनसे प्यार करो तोड़ने की मत सोचोष्पढ़ तालियां बटोरी।
संयोजक हास्य कवि अजीत शुक्ल ने खूब हंसाया।युवाकवि आकाश सोमवंशी ने लूट रही द्रौपदी बीच रास्ते पर है,सिर्फ कैंडल यहाँ हम जलाते रहे।ष्कविता पढ़ी।जगजीवन मिश्र ने बदले बदले से अब मेरे सरकार हैं कुछ तो वादे हुए बासी अखबार हैं बेटियां जल रहीं उनको दिखता नही,हम पराली जलायें गुनहगार हैं,ष्गीत पढ़ समां बांधा।शिवगढ़ से पधारे हास्य कवि जमुना प्रसाद अबोधा ने ष्कोई विप्र कोई दलित कोई लोधी कहत है,जाति धरम में कबीर की तरहष्पंक्तियां पढ़ श्रोताओ को लोटपोट कर दिया।रायबरेली से आये संचालक नीरज पाण्डेय नेसंयोजक हास्य कवि अजीत शुक्ल ने खूब हंसाया।युवाकवि आकाश सोमवंशी ने लूट रही द्रौपदी बीच रास्ते पर है,सिर्फ कैंडल यहाँ हम जलाते रहे।ष्कविता पढ़ी।जगजीवन मिश्र ने
बदले बदले से अब मेरे सरकार हैं कुछ तो वादे हुए बासी अखबार हैं बेटियां जल रहीं उनको दिखता नही,हम पराली जलायें गुनहगार हैं,ष्गीत पढ़ समां बांधा।शिवगढ़ से पधारे हास्य कवि जमुना प्रसाद अबोधा ने ष्कोई विप्र कोई दलित कोई लोधी कहत है,जाति धरम में कबीर की तरहष्पंक्तियां पढ़ श्रोताओ को लोटपोट कर दिया।रायबरेली से आये संचालक नीरज पाण्डेय नेसंयोजक हास्य कवि अजीत शुक्ल ने खूब हंसाया।युवाकवि आकाश सोमवंशी ने लूट रही द्रौपदी बीच रास्ते पर है,सिर्फ कैंडल यहाँ हम जलाते रहे।ष्कविता पढ़ी।जगजीवन मिश्र ने बदले बदले से अब मेरे सरकार हैं कुछ तो वादे हुए बासी अखबार हैं बेटियां जल रहीं उनको दिखता नही,हम पराली जलायें गुनहगार हैं,ष्गीत पढ़ समां बांधा।शिवगढ़ से पधारे हास्य कवि जमुना प्रसाद अबोधा ने ष्कोई विप्र कोई दलित कोई लोधी कहत है,जाति धरम में कबीर की तरहष्पंक्तियां पढ़ श्रोताओ को लोटपोट कर दिया।रायबरेली से आये संचालक नीरज पाण्डेय नेसंयोजक हास्य कवि अजीत शुक्ल नेष्चेकिंग में पुलिस के साथ डॉक्टर रखो साहब,जो भर न सके चालान उसकी किडनी निकाल लेष्पढ़कर खूब हंसाया।युवाकवि आकाश सोमवंशी ने लूट रही द्रौपदी बीच रास्ते पर है,सिर्फ कैंडल यहाँ हम जलाते रहे।ष्कविता पढ़ी।जगजीवन मिश्र ने बदले बदले से अब मेरे सरकार हैं कुछ तो वादे हुए बासी अखबार हैं बेटियां जल रहीं उनको दिखता नही,हम पराली जलायें गुनहगार हैं,ष्गीत पढ़ समां बांधा।शिवगढ़ से पधारे हास्य कवि जमुना प्रसाद अबोधा ने ष्कोई विप्र कोई दलित कोई लोधी कहत है,जाति धरम में कबीर की तरहष्पंक्तियां पढ़ श्रोताओ को लोटपोट कर दिया।रायबरेली से आये संचालक नीरज पाण्डेय नेधूप बरसात शीत गाता कर्म के ही गीत ,सचमुच रीढ़ है किसान इस देश कीष मार्मिक कविता पढ़ सभी को भावुक कर दिया।वरिष्ठ कवि राजकुमार सिंह ने श्रद्धेयअटल जी को श्रद्धांजलि स्वरूप पंक्तिया
ष हे जन–जन के नायक जनप्रिय,
हे युगपुरुष! नमन वंदन।ष्पढ़ कार्यक्रम का समापन किया।आयोजक रवि किशोर गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता पारुल दीक्षित, आदि उपेंद्र तिवारी,अखिलेश गुप्ता,कुलदीप द्विवेदी, भरत पाण्डेय, आयुषी अस्थाना आदि प्रमुख रूप से रहे।

# अधिकारियों के निलंबन से न पालें खुशफहमी

**– घोटालों के साथ चलती रहती है निलंबन और बहाली की प्रक्रिया**
**– बहुचर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी मथुरा बीएसए सहित 5 खण्ड शिक्षा अधिकारी हो चुके बहाल**
**– दर्जनों पुलिस अधिकारी और कर्मचारी निलंबन के बाद हो चुके हैं बहाल**
**– होने को तो आईएएस तक हुए हैं मथुरा में निलंबित**

मरियम टाइम्स ब्यूरो
संवाददाता

मथुरा। जनता के लिए भ्रष्टाचार में किसी अधिकारी पर कार्रवाही खुशफहमी लेकर आती है। लेकिन रिकॉर्ड बताता है कि यह ज्यादा दिन नहीं टिकती है। प्रदेश भर में बहुचर्चित रहे शिक्षक भर्ती घोटाले के अधिकांश निलंबित अधिकारी कर्मचारी बहाल हो चुके हैं। निलंबन के बाद बहाली पर उनकी सर्विस रिकॉर्ड में कोई खराबी नहीं आती है।

नये मामले में मथुरा जिले के निजी आईटीआई संस्थानों में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति में घपले के मामले में बुधवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी करुणेश त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही 23 करोड़ रुपये के इस भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों और संबंधित संस्थाओं पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। दोषी आईटीआई संस्थानों को शुल्क प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति के लिए ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मचा है।

25 नवम्बर 2020 को मुख्यमंत्री ने मथुरा के डिप्टी कमिश्नर लेबर इंप्लयमेंट को भी स्थानांतरण के बाद दूसरे जनपद में चार्ज नहीं लेने पर निलंबित कर दिया था। स्थानांतर के बाद चार्ज नहीं लेने के पीछे लोगों तमाम आशंकाएं होती हैं। 14 फरवरी 2020 को मथुरा में एक डॉक्टर के अपहरण और फिरौती मामले में पुलिस द्वारा की गई वसूली के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर थाने के पूर्व एसएचओ को सस्पेंड कर दिया था। साथ ही सीओ को भी पद से हटा दिया गया था। 11 फरवरी 2019 में तत्कालीन एसएसपी सत्यार्थ अनुरूद्ध पंकज ने एक एसएचओ सहित पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया था। छाता कस्बे के एक एटीएम से 38 लाख रूपये की चोरी हुई थी। पीआरवी घटना स्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर खडी थी। तत्कालीन छाता कोतवाली निरीक्षक दुर्गेश कुमार और चार अन्य पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया था। यहां तक 11 अक्टूबर 2014 में दुर्गाशक्ति के आईएएस के पति अभिषेक सिंह पर एक बुजुर्ग टीचर के साथ बदसलूकी करने के मामले में निलंबन की कार्रवाई की गई थी। आरोप था कि अभिषेक सिंह ने एक बुजुर्ग शिक्षक से बदसलूकी की थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शिक्षक संघों के रूख के बाद संज्ञान लिया था।

# स्प्रिंग डेल्स के बच्चों ने मेरी क्रिसमस पर्व को मनाते हुए समाज को दिया बड़ा संदेश

.हरदोई। देश की अनेकता में एकता की पहचान को स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड के बच्चों ने मेरी क्रिसमस के पर्व पर देश के विभिन्न धर्मो, जातियों की वेशभूषा में सज कर एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। देश में बच्चे धरातल पर विभिन्न धर्मो के प्रति जब श्रद्धा का भाव रखते हैं तभी देश में प्रेम, श्रद्धा और अमन –चौन का वातावरण बनता है। इसी थीम को लेकर हरदोई में क्रिसमस की तैयारियों पर स्वास्थ्य की चुनौतियां भारी रही। इसको व्यवहार में अपनाने के लिए बच्चों ने ष्क्रिसमस मास्कष बनाए और मास्क ,सोशल डिस्टेंस तथा स्वच्छता का संदेश लोगों को दिया। मास्क की जरूरत अभी हम को अंगीकृत रखनी है दूसरी ओर स्वच्छता से स्वास्थ्य पाने के लिए आज बच्चों ने अपने सफाई कार्य करके इसे बताया।

स्कूल की प्राचार्या अदिति गौड़ ने कहा कि विभिन्न वेशभूषा में सजे बच्चों ने देश के होली, दिवाली ,ईद– बकरीद, सिक्खों के गुरु पर्व और क्रिसमस को एक जोश में पिरो कर प्रधानमंत्री मोदी के ष एक भारत श्रेष्ठ भारतष के नारे को धरातल पर क्रिसमस पर्व मनाकर उतारा है ।इन बच्चों ने यह बात सीखी कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश की अनेकता को एकता के सूत्र में पिरोने का जो काम किया है उसी के चलते सभी धर्म के लोग भाई चारे के साथ रहकर विश्व मे मिसाल बने है ।उसको आज बच्चे धरातल पर पूरे जोश के साथ अपना रहे हैं। आज इस कार्यक्रम में जिन बच्चों ने विशेष भाग लिया उनमें यू के जी के दिव्यांश, एल के जी के सूर्यांश ,अदीबा तथा कक्षा दो के वेदांग और कक्षा 1 के आरव तथा नर्सरी क्लास के अक्षित रहे। इसके साथ साथ स्कूल की अध्यापिका दिव्यांशी , निधि ,और शिवानी ने बच्चों को क्रिसमस पर्व में के लिए तैयार किया।




# सरकार की छवि खराब कर रहे ये गालीबाज अधिकारी



मनोज चाहर

आगरा। उत्तर प्रदेश सरकार अधिकारियों को जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ अच्छा व्यवहार करने की ताकीद कर चुकी है, मगर आगरा नगर निगम में एक अधिकारी को शायद शासन या मुख्यमंत्री की सीख की कोई परवाह ही नहीं है। यही वजह है कि ये अधिकारी आये दिन आम लोगों के साथ गाली गलौज से पेश आता है।

ताजा मामला आगरा नगर निगम का है जहां आम जनता क्षेत्र की समस्या लेकर अपर नगर आयुक्त के पास पहुंची, मगर गालीबाज अधिकारी ने एक बार फिर से आम लोगों और पत्रकारों के साथ भी बदजुबानी कर डाली। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त पद पर तैनात के बी सिंह आये दिन आम लोगों के साथ अभद्रता करने के मामले में मशहूर हैं ।जब पूर्व पार्षद के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोग क्षेत्र की समस्या को लेकर अपर नगर आयुक्त के बी सिंह को ज्ञापन देने आए, तो इसी दरमियान गालीबाज अधिकारी अपना आपा खो बैठे। इतना ही नहीं मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों से भी अभद्रता कर बैठे। हैरानी इस बात की है कि इस गालीबाज अधिकारी की शिकायत पहले भी कई पार्षद कर चुके हैं। बावजूद इसके आला अधिकारियों ने इस गालीबाज अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

# एक एसआई सहित दो पुलिसकर्मी लाइन जाहिर

मरियम टाइम्स ब्यूरो
संवाददाता

मथुरा। एसएसपी ने एक सब इंस्पेक्टर सहित फरह और हाईवे थाने से दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधिकारी की इस कार्रवाई से विभाग में एक बार फिर हड़कंप मच गया है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने हाईवे थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर राजकुमार को एक केस की जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन जाहिर किया है। साथ ही जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं फरह थाना में तैनात हैड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। थाने में प्रधान लेखक के रुप में तैनात रविन्द्र पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप है। एसएसपी ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

# फैजल खान जिला कारागार से रिहा

**– बहुचर्चित नंदगांव के नंदबाबा मंदिर में नमाज पढने के आरोप में थे बंद**

मरियम टाइम्स ब्यूरो,
संवाददाता

मथुरा। फैजल खान को गुरूवार को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। फैजल खान की ओर इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। 21 दिसंबर को हाईकोर्ट ने फैजल की सशर्त जमानत मंजूर कर ली। हाईकोर्ट का आदेश मिलने के बाद गुरुवार की सुबह फैजल को जिला जेल से रिहा कर दिया गया। नंदगाँव स्थित नंदबाबा मंदिर में नमाज पढ़ने के आरोपी फैजल खान को जिला कारागार से गुरुवार की सुबह रिहा किया गया। दिल्ली निवासी फैजल खान अपने साथियों के साथ मथुरा घूमने आया था। आरोप है कि इस दौरान फैजल और उसके साथी चांद मोहम्मद ने 30 अक्टूबर को नंदबाबा मंदिर परिसर में नमाज अदा की थी। इसका वीडियो वायरल होने पर एक नवंबर को थाना बरसाना में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में मथुरा पुलिस ने फैजल को दिल्ली से गिरफ्तार किया। फैजल और चांद मोहम्मद ने खुद को खुदाई खिदमतगार संस्था का सदस्य बताया। इनमें से फैजल खान दिल्ली और चांद मोहम्मद बिहार का रहने वाला है।

# बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में अभिभावकों तथा आमजन को भी बेटियों के प्रति जागरूक करे:-डीएम




हरदोई ! विगत 23 दिसम्बर देर सायं–कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत पूर्व में किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। इसके उपरान्त अवशेष बजट के सम्बन्ध में बताया गया है कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत 6 माह तक चलने वाले प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सभी स्टेक होल्डर्स हेतु योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु उन्मुखीकरणध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में बताया गया कि स्टेक होल्डर्स समिति का गठन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकास खण्डों पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना की जागरूकता हेतु संगोष्ठी कार्यक्रम कराये जाने पर चर्चा करते हुए बताया गया है कि सम्बन्धित विभागों को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होने कहा कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों में अभिभावकों तथा आमजन को भी बेटियों के प्रति जागरूक करे।

बैठक में उ0प्र0 रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त पात्र लाभार्थियों के लम्बित प्रक्ररणों के निस्तारण में तेजी लाते हुए एक सप्ताह में भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करे।

बैठक में जिला प्रोवेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0स्वामी दयाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक वी0के0 दुबे, क्षेत्राधिकारी सदर आदि उपस्थित रहे।

# 25 दिसंबर को कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों को बताएंगे पार्टी कार्यकर्ता : सपा

हरदोई! समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 25 दिसंबर को प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी किए हैं कि सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता अपने अपने गाँव में कुर्सियों का गोल घेरा लगाकर उन कुर्सियों पर किसानों के साथ बैठक कर किसानों को कृषि बिल की कमियों व सपा सरकार में हुए किसानों के हित में किए गए विकास कार्यो को बताएँ। सपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू ने बताया कि जिले भर के सभी नगर ब्लॉक व तहसील अध्यक्षों को इस बाबत निर्देश दे दिए गए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्रों में पार्टी के निर्देशों का पालन कर समाजवादी पार्टी द्वारा किसानों के हित में लिए गए फैसलों लागू की गई योजनाओं और आंदोलनरत किसानों को समर्थन देने की बात का भी जोर शोर के साथ प्रचार व प्रसार करें।

# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा-डीएम

## प्रधानमंत्री द्वारा मध्यान्ह 12 बजे से कृषकों को आनलाइन लाइन सम्बोधित किया जायेगा

हरदोई !
जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा है कि शासन के आदेशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयन्ती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाने हेतु समस्त विकास खण्डों पर में 25 दिसम्बर 2020 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से कृषि मेला, गोष्ठी एवं प्रर्दशनी का आयोजन किया जायेगा तथा खण्ड विकास अधिकारी इस कार्यक्रम के नोडल होगे और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उत्तरदायी होगें और सहायक विकास अधिकारी कृषि बीडीओ से समन्वय बनाकर विकास खण्ड में कार्यरत कृषि विभाग के प्राविधिक सहायकों, बीटीएम तथा एटीएम के सहयोग से 500 किसानों की कार्यक्रम प्रतिभागिता सुनिश्चित करायेगें, इसमें सहकारिता, पशुपालन, उद्यान, दुग्ध तथा गन्ना आदि विभाग से संबंधित अधिकारी प्रतिभाग करेगें एवं कार्यक्रम में जनपद में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी किसानों को दी जायें।

उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा मध्यान्ह 12 बजे से कृषकों को ऑनलाइन लाइन सम्बोधित किया जायेगा और इस आयोजन हेतु कृषकों के बैठने की व्यवस्था कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार की जायेगी तथा प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन के सजीव प्रसारण देखने हेतु गोष्ठी में बीडीओ द्वारा एल0ई0डी0ध्प्रोजेक्टर की व्यवस्था की जायेगी जिसका भुगतान कृषि विभाग द्वारा किया जायेगा और सजीव प्रसारण के फोटोग्राम एवं वीडियो क्लिप व विवरण सहित जिला सूचना कार्यालय की मेल आईडी informationhdi@hmail-com तथा व्हाट्सअप नम्बर 9453005429 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें और कार्यक्रम के दौरान कृषकों से संवाद के उपरान्त कृषि उत्पादन तकनीकी एवं प्रदेश में कृषकों के हित में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की चर्चा संबंधित विभागों द्वारा की जायेगी और कार्यक्रम में किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ लंच की व्यवस्था कराई जायेगी।

# इलेक्ट्रीशियन, व्यूटी थेरेपी एण्ड हेयर स्टाईलिंग के प्रशिक्षण हेतु आवेदन 24 दिसम्बर से:–आर0एस0यादव

आईटीआई प्रधानाचार्य आर0एस0 यादव ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन, व्यूटी थेरेपी एण्ड हेयर स्टाईलिंग के प्रशिक्षण हेतु आवेदन पर 24 दिसम्बर से निःशुल्क वितरित किये जा रहे है। इस सम्बन्ध में इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन किसी भी कार्यदिवस में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई के कार्यालय में निर्धारित प्रारूप पर भर कर जमा कर सकते है। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु अभ्यार्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदोई के कौशल विकास प्रशिक्षण अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# एक दिवसीय रबी कृषि ज्ञान संगोष्ठी/ मेले का आयोजन 26 दिसम्बर को

उप निदेशक कृषि आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र हरदोई निकट बिलग्राम चुंगी पर 26 दिसम्बर 2020 को प्रातः 10.00 बजे से एक दिवसीय रबी कृषि ज्ञान संगोष्ठीध्मेले का आयोजन किया जायेगा। इस कृषि ज्ञान संगोष्ठीध्मेले में कृषकों को नवीन शोध सुझाव प्राप्त करने एवं परीक्षणों की जानकारी कृषि विशेषज्ञोंध वैज्ञानिकों द्वारा कृषको को मुहैया करायी जायेगी।

# जिला अधिकारी ने नवाबगंज नगर पंचायत में बने धान क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

## किसानों की सुनी समस्याएं केंद्र प्रभारी पर बोरे ना देने का किसानों ने लगाया आरोप

नवाबगंज उन्नाव। नगर पंचायत नवाबगंज धान खरीद केन्द्र पर अचानक जिलाधिकारी जांच करने पहुंच गये जिसके बाद उन्होने किसानों से सीधे बात की तो किसानों ने धान खरीद में केन्द्र प्रभारी द्वारा बोरे न देने कि शिकायत की तो जिलाधिकारी ने मौजूद कर्मचारी को जमकर फटकार लगाई और किसानों को गोदाम से बोरे निकलवा कर दिलवाये इस दौरान उन्होने किसानों की खरीद का स्थलीय निरीक्षण और अनियमित्ता पाये जाने पर एक कर्मचारी पर कार्यवाही की बात कही है।

नगर पचायंत नवाबगंज में धान खरीद केन्द्र पर गुरूवार को अचानक पहुंचे जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार को किसानों की समस्याओं से रूबरू होना पड़ा किसानों ने धान खरीद में बोरे की उपलब्धता न होने की जानकारी दी तो उन्होने केन्द्र पर मौजूद कर्मचारी राम नरेश से बोरों न दिये जाने का कारण पुछा तो जिलाधिकारी को बताया गया कि गोदाम में बोरे पड़े है लेकिन अभी दिया जाना सम्भव नही है। जिससे जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए अविलम्ब




किसानों को बोरे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस दौरान किसानों को बोरे न दिये जाने और नियमानुसार किसानों से धान खरीद में अनियमिता पाये जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ से फोन पर धान खरीद की प्रगति जानी और कहाकि जिन किसानों ने सौ कुन्तल से अधिक धान केन्द्र पर बेचा है उन किसानो की उपज का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी जिला मुख्यालय को भेजी जाए इस दौरान ग्रामीण किसान अधिकारी वार्तालाप करते नजर आए इससे पहले भी नवाबगंज धान क्रय केंद्र अपनी कार्यप्रणाली को लेकर समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहता है ।

# जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर मनाया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन




.सुरसा (हरदोई) विकास खंड के राज्यस्तरीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय म्योनी में किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गौतम ने बुजुर्गों को कम्बल वितरित कर उनके जन्मदिन पर किसान अभिभावकों को भोजन भी कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी शभगवान राव ने श्रीपाल, सूबेदार, रामगुनी, फूलकुमारी, लज्जाराम, आशादेवी, कुसुमा, रामनिवास, सत्यपाल, दलगंजन, उदयपाल, रानीदेवी, सहित तमाम गरीब लोगों को कम्बल वितरित कर किसानों के मसीहा का जन्मदिन मनाया। इस कार्यक्रम में उमेश गोस्वामी, श्रीनाथ दीक्षित, विजय कुमार, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बैंक प्रबंधक को किया लूटने का प्रयास


मरियम टाइम्स ब्यूरो,
संवाददाता
मथुरा। बैंक से घर लौट रही बैंक प्रबंधक को परिक्रमा मार्ग में बदमाशों ने लूटने का प्रयास किया। प्रबंधक के कडे विरोध के चलते बदमाश अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। प्रबंधक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस महिला प्रबंधक से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्ध बदमाशों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक अनाजमंडी स्थित सिंडिकेट बैंक की प्रबंधक प्रीति सिन्हा रात करीब साढे सात बजे बैंक से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान परिक्रमा मार्ग स्थित सोहन आश्रम के निकट रेल पटरी के समीप तीन युवकों ने अंधेरे का लाभ उठा कर प्रीति सिन्हा का बैग छीनने का प्रयास किया। प्रबंधक ने बैग को बचाने का प्रयास किया और इसी जद्दोजहद में वह अपनी स्कूटी से नीचे गिर गईं। इसके बाद भी उन्होंने अपना बैग नहीं छोडा। इसके बाद युवक भाग खडे हुए। इस दौरान उन्हें चेहरे और शरीर पर चोट भी आईं। घटना की सूचना प्रीति सिन्हा ने अपने बैंक स्टाफ को दी। बैंक स्टाफ ने एसएसपी को मामले से अवगत कराया। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने देर रात ही बदमाशों की तलाश में कई जगह दबिश दी। समाचार लिखे जाने तक पीडिता की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

# कार का टायर फटने सेअनियंत्रित होकर दूसरे वाहन से जा टकराई

## हादसे के बाद राजमार्ग में लगा लंबा जाम

नवाबगंज, उन्नाव। गुरुवार को अजगैन सोहरामऊ थाना क्षेत्र में दो अलग–अलग हादसे हुए कोतवाली क्षेत्र राजमार्ग पर मुर्तजा नगर के सामने लखनऊ से कानपुर जा रही कार के टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराते हुये दूसरी कार से भिड़ गईं। जिसमें चार लोग घायल हो गए। जिन्हें स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। इस दौरान राजमार्ग पर भीषण जाम लग गया।





जानकारी अनुसार लखनऊ से उन्नाव जा रही इयोन कार का अगला टायर अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मुर्तजा नगर के सामने अचानक फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकराते हुए पीछे से आ रही एक बोलेरो गाड़ी से भिड़ गई। इयोन कार सवार मनीष शर्मा पुत्र भगवान दीन निवासी मानक नगर, सचिन पुत्र सुभाष निवासी आशियाना लखनऊ व बेलोरो सवार मुनारा पत्नी रमेश चन्द्र अचलगंज व कुलदीप पुत्र रमेश सहित चार लोग घायल हो गए। जिन्हें नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। इस दौरान राजमार्ग पर भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्थित कर सकी।

# सफलतापूर्वक चर्म रोग का शल्य चिकित्सक की विधि से हुआ इलाज

नवाबगंज आशाखेड़ा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में नवाबगंज कुसुंभी निवासी 65 वर्षीय रोगी राजाराम का चिकित्सालय की अधीक्षका डा मीनाक्षी शर्मा के निर्देशन में चर्म रोग का सफल इलाज किया गया वही ऑपरेशन के दौरान प्रशिक्षित पैनल में शल्य चिकित्सक डॉक्टर विश्वनाथ प्रताप डॉ शिवेंद्र शुक्ला निशा चेतना के डॉ रोहित व उनकी सहयोगी द्वारा चर्म प्रत्यारोपण के विधि से सफलतापूर्वक इलाज संभव हुआ!

# जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं

संवाददाता
लखनऊ। लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन सभी रेल यात्रियों से अपील करता है कि रेल यात्रा के दौरान कोविड–19 के सक्रमणसे बचाव एवं रोकथाम के लिए सतर्क रहने तथा इस घातक विषाणु के प्रसार को रोकने सम्बन्धी सभी आवश्यक सावधानियॉ बरतने से जुडे आचार–व्यवहार का अनुसरण करें तथा गाइडलाइन्स का पालन करें। सुरक्षित यात्रा हेतु यात्रियों को यात्रा के आरम्भ में एवं यात्रा के दौरान तथा यात्रा की समाप्ति पर निम्न आवश्यक सावधानियाँ बरतनी होगी,रेल यात्रियों को कोविड संक्रमण से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल यात्रा के लिये गाड़ियों के प्रस्थान के समय से कम से कम 90 मिनट पहले स्टेशन पहुंचे, जिससे पर्याप्त समयावधि में थर्मल स्क्रींनिंग व टिकट चेकिंग की जा सके। यात्रियों के पास कन्फर्म टिकट होने पर ही स्टेशन पर प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। सहूलियत के लिए अपने ई–टिकट की फोटो कापी साथ में लेकर यात्रा करें।यदि किसी यात्री में कोविड–19 के लक्षण पाये जाते है तो उसे यात्रा की अनुमति नहीं दी जायेगी। ऐसे यात्री, ''यात्रा न करने का प्रमाण पत्र'' लेकर टिकट की पूरी धनराशि वापस पा सकते है।रेल यात्रियों को यात्रा के लिये एवं यात्रा के दौरान फेस मास्क लगाना अनिवार्य है। यात्री रेलवे प्लेटफार्म या ट्रेन पर एक दूसरे से यथा सम्भव उचित दूरी रखें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पूरी यात्रा करनी होगी। स्टेशन प्लेटफार्म व ट्रेन पर न थूकें तथा इस्तेमाल किये गये मास्क को इधर उधर न फेकें।

# पुलिस बल से पुलिस सेवा में महिला पुलिसिंग आगे का रास्ता

संवाददाता
लखनऊ। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, पुलिसिंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भारत



का प्रमुख सार्वजनिक विश्वविद्यालय है। एक्सटेंशन एंड डिस्टेंस लर्निंग के निदेशालय, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय ने सिनर्जिया फाउंडेशन के साथ मिलकर 23 दिसंबर, 2020 को ष्पुलिसिंग में महिलाओं को मजबूत करना, अंतराल को कम करना विषय पर एक उच्च स्तरीय वर्चुअल गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया। गुजरात के सतर्कता आयुक्त, संगीता सिंह, जो हाल ही में राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) के रूप में सेवानिवृत्त हुईं, ने महिला पुलिस अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए गुजरात राज्य में किए गए उपायों के बारे में विस्तार से बताया। संगीता सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पुलिस बलों में महिलाओं ने पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर महिला पीड़ितों, सामान्य महिला नागरिकों की बहुत सहायता की है। पुलिस बलों में महिला अधिकारियों की वृद्धि के कारण हमारे समाज में महिलाओं का पुलिस में काम करने को लेकर उनकी मानसिकता बदली है। उन्होंने आगे कहा कि गुजरात पुलिस बलों में 33: महिला आरक्षण, पुलिसिंग के क्षेत्र में सरकार की एक बहुत बड़ी पहल है। सभी महिला पुलिस स्टेशन, शी टीम्स आदि भी राज्य पुलिस विभाग द्वारा की गई अन्य पहलें हैं, जिन्होंने बेहतर पुलिसिंग में योगदान दिया है। श्रीमती सिंह ने कहा कि चूंकि राज्य में महिला पुलिस अधिकारियों की संख्या में वृद्धि हुई है, इसलिए गुजरात में युवा लड़कियों के बीच एक 'सकारात्मक बदलाव आया है जिसके कारण से वे अब राज्य पुलिस बलों में शामिल होने के लिए तत्पर हैं और यह महिला सशक्तीकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।कार्यक्रम में विभिन्न सेवारत और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों, नौकरशाहों, शिक्षाविदों के साथ–साथ देश में महिला पुलिसिंग से संबंधित मामलों के व्यापक अनुभव वाले विशेषज्ञों की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के अंत में, प्रतिभागियों के बीच एक आम सहमति बनी कि संबंधित अधिकारीयों को यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय प्रयास करना चाहिए कि महिलाओं को राष्ट्र के पुलिसिंग और सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जाए।

## नेशनल लेविल प्रतियोगिता में नोलिता को गोल्ड मेडल

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस की कक्षा–7 की मेधावी छात्रा नोलिता मेधवानी ने नेशनल लेविल इण्टर–स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड–2020' में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# धूमधाम से मना 'क्रिसमस उत्सव'

संवाददाता
लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों में बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में 'क्रिसमस उत्सव' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा नृत्य व संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान करते भजनों व गीतों (क्रिसमस कैरॅल्स) की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शक झूम उठे। सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित 'क्रिसमस उत्सव' में छात्रों ने समूह गान, ब्राडवे, नीड ए लिटिल क्रिसमस, क्रिसमस एट ऑल, येरूशलम चैलेन्ज, दिस लिटिल लाइट ऑफ माइन, कोरियोग्राफी आदि एक से बढ़कर शानदार प्रस्तुतियों की इन्द्रधनुषी छटा प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी, सी.एम.एस. जॉपलिंग रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या शिप्रा उपाध्याय समेत कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रभु यीशु ने अपने जीवन में स्वयं कष्ट उठाकर, त्याग, तपस्या एवं बलिदान द्वारा सारी मानवता को खुशहाली व अमन–चैन का संदेश दिया है और इस संदेश को धरती के कोने–कोने तक पहुँचाने की हम सभी जिम्मेवारी है, तभी इस विश्व समाज में सुख व शान्ति संभव है। सी.एम.एस. के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी ने सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह छात्रों को समाज का सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बनाने में मदद करते है। सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य छात्रों में सर्वधर्म समभाव की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगे कहा कि यदि सभी लोग एक साथ मिलकर प्रभु की प्रार्थना करें तो सबमें आपसी प्रेम भाव भी बढ़ जायेगा और संसार में सुख, एकता, शान्ति, करूणा, त्याग, न्याय एवं अभूतपूर्व समृद्धि आ जायेगी। सी.एम.एस. चौक कैम्पस द्वारा आयोजित 'क्रिसमस उत्सव' में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर छात्रों को प्रभु यीयु की महिमा से अवगत कराया गया तथापि छात्रों ने क्रिसमस गीत एवं लघु नाटिकाओं के शानदार प्रस्तुतिकरण द्वारा एकता, शान्ति, सद्भाव व भाईचारे की भावना को जन–जन तक पहुँचाया। इसी प्रकार, सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस उत्सव मनाया गया।



# किसानों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर जोर, वर्ष 2022 में किसानों की आय का दुगना करने का लक्ष्य : सीडीओ

संवाददाता
रायबरेली । जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने बीएसएनएल आफिस के निकट मैदान में सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं टेक्नालॉजी के योजनान्तर्गत किसान सम्मान दिवस व किसान मेला का आयोजन का शुभारम्भ देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उप कृषि निर्देश एच0एन0 सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष व मुख्य विकास अधिकारी को कृषि विभाग आदि सहित विभिन्न विभागों के स्टाल का अवलोकन भी कराया। जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषकों को जैविक खेती से संबंधित अत्याधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान की जानकारी देने के साथ ही किसानों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर देते हुए कहा कि 2022 में किसानों की आय को दुगना करने का लक्ष्य है। यह तभी सम्भव है जब किसान आधुनिक कृषि को बढ़ाकर कृषि उपज बढाये। विचार विमर्श तथा उन्नत कृषि तकनीकी से अवगत कराया एवं कृषकों की समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाये। साथ ही किसान मेला में जनपद की आवश्यकतानुसार रणनीति बनाकर उत्पादन बढ़ाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया जाये, ताकि शासन द्वारा निर्धारित रबी फसलो की उत्पादकता प्राप्त की जा सके। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा कि रबी योजना सम्बन्धी तैयारियों के बारे में बताया गया कि रबी का आच्छादन उत्पादन का लक्ष्य के सम्बन्ध में वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक विधि से खेती करने से उत्पाद बढ़ाया जा सकता है विषय पर चर्चा करते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि जीरो बजट से जैविक विधि द्वारा खेती करने से सम्भव होगा। जनपद में उत्तम किस्म के बीज व खादों की कोई कमी नही है।




मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से कहा कि कृषि विकास सम्बन्धी जानकारियों को भली–भांति जानकर कृषि विकास में योगदान दें। उन्होंने ने कहा कि कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिक व अधिकारियों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये तथा उनकी कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण भी किया जाये। केन्द्र सरकार किसानों की 2022 में दोगुनी आय करने का लक्ष्य है यह तभी संभव होगा जब किसान भी अपने मनमस्तिष्क में कृषि के प्रति पूरी लगन से कृषि करें। किसानों को चना, मटर, जौ, मसूर, अलसी, सरसों आदि फसलों की अच्छी उत्पादकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने किसान प्रर्दशनी का भी स्टालों पर जाकर अवलोकन किया तथा किसानों को प्रोत्साहित भी किया। इसे पूर्व उप निदेशक कृषि एच0एन0 सिंह ने भारत के पांचवें प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि उन्होंने जीवन प्रयाग किसानों के लिए संघर्ष किया इस लिए उन्हें किसान मसीहा के रूप में उनके जन्म दिवस 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्व0 चौधरी चरण सिंह ने देश की सेवा करते हुए 29 मई 1987 को अन्तिम सांस ली। विकास सम्मान वर्ष में प्रदेश स्तर पर सम्मानित होने वाले कृषक दिनेश व सुशीला सिंह धान की अच्छी फसल पैदावार होने पर लखनऊ में सम्मानित किया गया। जनपद स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने 15 प्रथम व 15 द्वितीय पुरस्कार कृषकों को प्रशस्ति पत्र व शाल उढाकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विकास खण्ड स्तरीय 51 कृषकों को भी प्रशस्ति पत्र व शाल उढाकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कृत किये जाने वाले किसान को रूपये 7000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले किसानो को रूपये 5000 रूपये उनके खातें में आनलाइन के माध्यम से भेजा गया। इसके अलावा अच्छी खेती करने के लिए किसान विश्वनाथ सिंह आदि को भी प्रशस्ति पत्र व शाल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ, उप कृषि निदेशक एच0एन0 सिंह, जिला कृषि अधिकारी रविचन्द्र प्रकाश, उद्यान, सिचाई, पशु चिकित्साधिकारी डा0 गजेन्द्र सिंह, अग्राणी बैक के एलडीएम विजय शर्मा आदि विभागों के अधिकारियों ने किसानों को विस्तार से जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञों सहित अन्य विभागों के अधिकारी व किसान बडी संख्या में किसानों ने भी अपने विचार साझा किये। दौरान जिला कृषि अधिकारी रविचन्द्र प्रकाश, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, विद्युत विभाग, मछली पालन आदि विभागों के अधिकारीगण व किसानगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों की हुयी गिरफ्तारी, किसान बिल को लेकर जा रहे थे विधायक के घर का घेराव करने

संवाददाता
रायबरेली। किसान बिल के खिलाफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी सहित सभी कांग्रेसियों ने सरेनी के बीजेपी विद्यायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के घर जाकर बाहर ताली ताली घंटी बजाओ को लेकर उनके घर के घेराव के लिए जाते समय लालगंज कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ सभी कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर लिया और एक भी कांग्रेसी सत्तापक्ष के विधायक सरेनी धीरेंद्र बहादुर सिंह के घर तक नहीं पहुंच पाए और सभी कांग्रेसियों को नजरअंदाज करके रोक लिया गया और कोतवाली परिसर में ले आया गया। कांग्रेश के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि हम सभी कांग्रेसियों के साथ कुछ दिन पहले हुए तीन बिल पारित होने से किसानों के साथ अत्याचार व उनके आय की तुलना में बहुत कम आय मानी गई है जिसका किसान की फसल पर गलत साबित हो रहा है और हम लोग इसका विरोध करने के लिए सभी साथियों के साथ सत्ता पक्ष के सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के निवास पर जाकर ताली थाली व घंटी बजाकर तीन बिल पारित का विरोध प्रदर्शन व धरना करने के लिए विधायक के गांव जा रहे थे तभी लालगंज कोतवाल अरुण कुमार सिंह सहित सभी स्टाफ ने मुझे व पूरे साथियों को गिरफ्तार करके लालगंज कोतवाली परिसर में ले आया गया जिससे हम लोग बे अपंग होकर कोतवाली परिसर में ही रहे और इतना अत्याचार कभी नहीं था जो सरदार बल्ल्भ भाई पटेल के समय भी पटेल जी ने किसानो की मदद करके अंग्रेजी हुकूमत को हराया था और किसानो का हक भी दिलाया था द्य वही कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा की तब हम सभी साथियो को रोक लिया गया तो तभी हम लोग लालगंज उप जिलाधिकारी जीत लाल सैनी व सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के विधायक प्रतिनिधि रवि सिंह को ज्ञापन देकर तीन बिल पारित का विरोध किया।

# गुरुबरवगंज में खनन माफियाओ की दबंगई, किसान को पता ही नही खोद डाला खेत

संवाददाता
रायबरेली। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस और प्रशासन अंकुश लगाने का दावा तो कर रहा है, लेकिन वह धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। पुलिस जहां रात में नाके लगाकर खनन रोकने का दावा कर रही है, वहीं खनन विभाग गश्त बढ़ाकर माफिया पर शिकंजा कसने का दम भर रहा है, लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है।



बीती रात में खनन माफिया ने गुरबक्श गंज क्षेत्र में खुदाई की और सरकार को लाखों का चूना लगाया। माफिया ने गुरबक्श गंज क्षेत्र के कोरिहर गांव में जेसीबी, ट्रैक्टर–ट्राली के जरिए खुदाई की, लेकिन न तो इसकी पुलिस और न ही खनन विभाग के अधिकारियों को भनक लगी। हालांकि सुबह सूचना मिलने पर ग्रामीणों में खलबली मच गई कि उनके खेत के बगल में इतना गहरा गड्ढा कैसे हो गया। क्षेत्र में अवैध खनन पर विराम लगने के मामले में थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा कई बार आदेश भी किया जा चुका है। इसके बाद भी क्षेत्र में अवैध खनन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे जहां रोजाना सरकार को नुकसान हो रहा है, वहीं ग्रामीणों को भी परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि सड़कों का बुरा हाल है। सड़क किनारे रेत और बजरी पड़ी होने के कारण हादसे का भय सताता रहता है। किसान ने बताया कि उनके खेत के बगल में रात्रि में लगभग 5 फीट का गहरा गड्ढा खोद दिया गया। जिससे उनके खेत की मिट्टी बह जाने का खतरा है और काफी परेशानी हो रही है। अब देखना यह है कि काफी शिकायतों के बाद पुलिस अधीक्षक इस अवैध खनन को रोकने में कामयाब होते हैं या फिर गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में अवैध खनन ऐसा ही चलता रहेगा या तो समय तय करेगा।

# लालगंज कोतवाली के कंस्ट्रेबल शराब पीकर की बैंक मे खुलेआम गुंडई, उपप्रबंधक का कॉलर पकड़ा

संवाददाता
रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक तरफ खाकी वर्दी को बढ़ावा दे रही है उसी पर लालगंज कोतवाली में तैनात कॉन्स्टेबल उस पर पूरी तरह से पानी फेर रहा है। बताते चलें कि लालगंज कोतवाली में तैनात कांस्टेबल गौरव सिंह चौहान की खुलेआम लालगंज नगर स्थित यूको बैंक में दिन में शराब पीकर खुलेआम गुंडई करते हुए सुर्खियों में आए और गुंडई ही नहीं बल्कि यूको बैंक में मैनेजर पद पर स्थित महिला गायत्री देवी के सामने मां बहन की भद्दी भद्दी गाली भी दे डाली। एक तरफ सरकार के आदेशानुसार कोतवाली परिसर में नारी सशक्तिकरण का अलग बेंच बनाया जा रहा है वहीं पर वर्दी की धमक पर कांस्टेबल नारी सशक्तिकरण के खिलाफ बैंक मैनेजर गायत्री देवी के सामने भद्दी भद्दी गाली दे रहे हैं। वही लालगंज चिकवाही मंडी स्थित नियर हनुमान मंदिर यूको बैंक के उप प्रबंधक शोभित तिवारी ने बताया कि एक महीना पहले एक विश्वकर्मा नाम के खाताधारक जो कि महा खेड़ा गांव का रहने वाला है जिसकी उम्र 18 साल थी उस खाताधारक के अकाउंट में काफी गलत लेनदेन हो रहा था और जोकि एटीएम से निकासी की जाती थी जिसको लेकर उप प्रबंधक शोभित तिवारी ने उस खाताधारक को बैंक मे बुलाया और उससे पूछताछ की तो खाताधारक ने बताया कि मेरा अकाउंट मेरे चाचा के लड़के ने ले रखा है। तभी उप प्रबंधक ने कहा कि उसके खिलाफ कोतवाली में करवाई करें द्य तभी कल खाताधारक विश्वकर्मा ने बैंक आकर उप प्रबंधक सौरभ तिवारी से बताया कि कोतवाली परिसर से मेरे पास फोन पर कॉल आ रही है और गाली देकर कोतवाली बुला रहे हैं तभी उप प्रबंधक शोभित तिवारी के सामने भी कॉन्स्टेबल गौरव सिंह चौहान ने कॉल करके फिर खाताधारक को गाली दे रहे थे तभी खाताधारक ने उप प्रबंधक से कॉन्स्टेबल से बात करायी तो कांस्टेबल गौरव सिंह चौहान ने उप प्रबंधक सौरभ तिवारी को भी नशे में बद्दी बद्दी गाली भी दे डाली और तभी कॉन्स्टेबल गौरव सिंह चौहान यूको बैंक आकर शोभित तिवारी की कॉलर पकड़कर और प्रबंधक गायत्री देवी के सामने भद्दी भद्दी गाली देकर नारी सशक्तिकरण व बैंक के उप प्रबंधक का सम्मान करना भी शराब की नशे में भूल गए थे । वही उप प्रबंधक यूको बैंक ने बताया कि लालगंज कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार सिंह को तहरीर देकर सूचना अवगत कराई गई है और श्री प्रभारी जी ने कहा कि कांस्टेबल गौरव सिंह चौहान से पूछताछ के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बड़गोहना कला में 14 वर्षीय बालक की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता
प्रयागराज। जिले के ग्राम सभा बड़गोहना कला के मजरा पितम्बर का पूरा में 14 वर्षीय अमन कुमार बिंद व उसकी बडीह बहन प्रीती बिंद दोनौं एक ही कमरे में सो रहे थे।किसी ने जाकर अमन बिंद 14 वर्ष की धारदार हथियार से या कोई अन्य औजार से उसके सिर में बहुत ज्यादा वार किया गया है ।यह घटना कितने बजे घटी कि किसी को कुछ भी जानकारी नही है। उसी रात्रि में उसके पापा और मम्मी दोनो लोग अगवइया कौधियारा अपने ससुराल में गये थे।मृतक के पिता जी से पूंछने पर उन्होंने बताया कि हमकों जब जानकारी हुई तो हम दोनों लोग घर पहुंचे तो हमारे घर पर भीड़ एकत्रित थी।मृतक की बडीह बहन से भी घटना के बारे में पूछा गया तो उसने बताया की मै भी उसी कमरे में सो रही थी लेकिन हमको कुछ भी पता रात्रि में नही चला।लेकिन जब मै सुबह भोर में उठी तो सोचा कि अमन को जगा दूं ताकि वह भैस को खूंटे में बांध दे लेकिन जब वह देखी तो उसके सिर से मांसे व खून बाहर बिस्तर पर पड़ा है।वह जोरों से रोने व चिल्लाने लगी।तब गांव के लोग वहां पर एकत्रित हो गये। और गांव के प्रधान विद्याधर बिंद को सूचना मिली तो वह आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे तब वह जाकर पुलिस बिभाग कौधियारा थाने में सूचना दी गई।और वहां पर S-O-कौधियारा, C-O- बारा S-P- क्राइम आशुतोष मिश्रा आदि सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि जल्द ही कातिल पुलिस की गिरफ्त में होगा। अधिकारीयो के लाख मनाने पर भी पिड़ित परिवार वाले शव को पुलिस के कब्जे में नहीं दिया और क्राइम बिभाग के खोजी कुत्ते को बुलाया गया लेकिन कुछ भी पता नही चला ।

# विकास खण्ड बनाये जाने की माँग को लेकर श्रीनगर क्षेत्र वासियों ने की बैठक

श्रीनगर (महोबा) –श्रीनगर को विकास खण्ड का दर्जा दिलाये जाने की माँग को लेकर श्रीनगर क्षेत्र वासियों ने आज साक्षी मैरिज गार्डन में एक बैठक की। जिसमें श्रीनगर को 20 दिसम्बर 2016 को जारी विकास खण्ड बनाये जाने की अधिसूचना के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। शासन प्रशासन ने श्रीनगर को ब्लाक बनाकर भवन निर्माण हेतु जमीन तक निर्धारित कर ली थी लेकिन अभी तक ब्लॉक का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ प्रशासन इस दिशा में क्यों सुस्त है इस विषय पर भी चर्चा हुई तथा विकास खण्ड कार्य प्रारम्भ हेतु शासन के नाम मा० जिलाधिकारी को ज्ञापन दिये जाने के सम्बन्ध में समय निर्धारण किया गया और पूरे ब्लाक की सम्भावित सीमा के अर्न्तगत आने वाले ग्राम में हस्ताक्षर अभियान चला के माँग को प्रमुखता से शासन प्रशासन तक पहुँचाने हेतु रुप रेखा तैयार की गई। इस मौके पर महेन्द्र तिवारी पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री माली, प्रमोद दीक्षित, ए के शुक्ला, समाजसेवी जनक सिंह परिहार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष



भाजपा खण्ड संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रतीश रावत ,प्रखण्ड अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद नरेंद्र गंगेले, बजरंग दल संयोजक शिवम दीक्षित, पूर्व मण्डल महामंत्री भाजपा अरुण अनूप सोनी, सुरेन्द्र तिवारी,अरविन्द तिवारी , के के सोनी, वीरेन्द्र श्रीवास, ब्रजेन्द्र पाटकार, ब्रजेश गुप्ता, विपिन कुमार व अन्य वृहद संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कबरई पुलिस ने चोरी के वांछित अभियुक्त को माल सहित किया गिरफ्तार




महोबा। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक आर.के. गौतम एंव क्षेत्राधिकारी नगर कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछितध शातिरध्वारन्टी व टाप टेन के अपराधियो की गिरफ्तारी/धरपकड अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय थाना कबरई के नेतृत्व में उ. नि.ब्रम्हादीन व हे.का.सुरेन्द्र कुमार द्वारा गुगौरा चौकी स्थित हनुमान मन्दिर में दानपेटिका भरे रूपये सहित 22 दिसंबर की रात्रि में चोरी होने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 342/2020 /2020 धारा 457/380 भादवि बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कराया था । उपरोक्त मुकदमा का अनावरण करते हुये अभि0 योगेन्द्र पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम गुगौरा थाना कबरई जिला महोबा उम्र 25 वर्ष दानपेटिका में पड़े रूपये कुल 4 हजार 40 रूपये 50 पैसे सहित मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम गुगौरा के पास बने ठेका के पास से दबिश देकर पकड़ लिया गया । अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर अभियुक्त योगेन्द्र के विरूध्द नियमानुसार कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा गया ।

# कमलापुर पत्रकार संघ ने दी मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि

कमलापुर । लखनऊ के स्थानीय समाचार पत्र के मृतक पत्रकार मुरली मनोहर सरोज व उनकी पत्नी को कमलापुर पत्रकार संघ ने आज कस्बे के राधा क्रष्ण मन्दिर मे श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से मृतक पत्रकार के परजनो को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। बता दे कि मुरली मनोहर सरोज की पत्नी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी इस दौरान पत्रकार एवं सरोज की धर्मपत्नी की स्थिति नाजुक हो गई थी जिन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर से दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया था इस दौरान आनन–फानन में मुरली मनोहर सरोज अपनी पत्नी को लेकर रात में ही लखनऊ ट्रामा सेंटर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे और जब वह आगरा एक्सप्रेस वे पर पहुंचे इस दौरान उनकी गाड़ी कंटेनर से टकरा गयी इस दौरान गाड़ी ने आग पकड ली।इस हादसे मे कार सवार 5 लोगो की जलकर मौत हो गयी। जिसमे पत्रकार और उनकी पत्नी भी शामिल थे। घटना की जानकारी होते ही पत्रकार जगत मे शोक छा गया। इस मौके पर पत्रकारों ने मृतक पत्रकार मुरली मनोहर सरोज के चित्र पर माल्यार्पण कर शोक सभा आयोजित की और 2 मिनट का मौन धारण कर एवं सरोज व उनके परिवार वालों को श्रद्धांजलि अर्पित भगवान से उन सभी की आत्मा की शांति की प्राथना की।इस दौरान आयूष तिवारी उदय सिंह, अखिलेश पाण्डेय ,श्री पति मिश्रा ,वेद सिंह ,सत्यप्रकाश सिंह ,विनय शुक्ला, सत्यदेव शुक्ला, रामू शुक्ला ,आदेश तिवारी, अनुज पाण्डेय ,ऋषि मिश्रा ,अपर्णा मिश्रा सहित कमलापुर क्षेत्र के अन्य पत्रकार साथी भी मौजूद रहे।




# कोचिंग जा रहे छात्रों को ट्रक ने मारी टक्कर दो की मौत,तीन घायल

कुलपहाड ( महोबा ) कोचिंग के लिए साईकिलों से कुलपहाड आ रहे छात्रों को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी ।जिससे मौके पर ही दो छात्रों की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए । बच्चों की मौत से गुस्साए गांववासियों ने झांसी –मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया है ।



मामला कुलपहाड कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम सुगिरा का है जहाँ इंटरमीडिएट के पांच छात्र साईकिल से सुबह लगभग साढे पांच बजे कुलपहाड के गोविंदनगर में संचालित कोचिंग में पढने आ रहे थे । झांसी मार्ग से पीछे से आ रहे ट्रक ने मदनवार रपटा पर छात्रों को टक्कर मार दी टक्कर लगते ही छात्र साईकिलों समेत कई मीटर दूर जा गिरे । टक्कर लगने से धर्मेन्द्र पुत्र संतोष साहू ,व कपिल पुत्र अशोक विश्वकर्मा की मौके पर मौत हो गई जबकि छात्र जीतेन्द्र पुत्र माधव प्रसाद गुप्ता व देवेन्द्र पुत्र हरदयाल साहू घायल हो गए । जिन्हे इलाज के लिए कुलपहाड़ लाया गया जिस समय घटना हुई संयोग से उसी समय सुगिरा के तमाम नागरिक मार्निंग वॉक पर निकले हुए थे उन्होंने जब ट्रक को छात्रों को टक्कर मारते देखा तो तत्काल मौके पर पहुंचे उन्होंने डायल 100 पर सूचना देने की कोशिश की लेकिन सम्पर्क न होने पर उन्होंने छात्रों के परिजनों को फोन पर सूचना दी और परिजन अपनी कार से घायल छात्रों को लेकर सामु. स्वा.केन्द्र कुलपहाड पहुंचे । टक्कर मार कर ट्रक मौके से भाग निकला छात्रों की मौत की खबर फैलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और झांसी – मिर्जापुर राजमार्ग पर जाम लगा दिया सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे अपर पुलिस अधीक्षक आर के गौतम सहित कुलपहाड व संबंधित थानों की फोर्स बुला ली गई ग्रामवासियों को समझा बुझाकर शांत कराया गया वहीं इस घटना से गाँव में शोक फैला हुआ है।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त कराया गया घी आदि

रायबरेली–सतॉव–आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रायबरेली जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय–सतॉव में शाहिदा जमीं हाशमी परियोजना अधिकारी,ए डी ओ आई एस बी धर्मेंद्र यादव आदि की उपस्थिति में महिला स्वयं सहायता समूहों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 माह 3 वर्ष के लाभार्थियों में वितरण हेतु सौंपा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल विकास परियोजना अधिकारी शाहिदा जमी हाशमी सतॉव लिपिक शिव कुमार श्रीवास्तव अन्य मु0सेविका अल्का सक्सेना, मु0सेविका चन्द्र कान्ती के साथ सतॉव ब्लॉक से एडीओ आईएसबी धर्मेंद्र यादव व राजेश कुमार ठ ड के द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को वितरण हेतु स्टाक सौंपा गया और स्वयं सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर लाभार्थियों में वितरित होने के सौंपा गया है। जबकि घी,दाल आदि नवम्बर माह का वितरण होना है।

# बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा करते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये-मा0 मंत्री

संवाददाता

प्रयागराज। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क यूनीफार्म, निःशुल्क स्वेटर, निःशुल्क जूता-मेजा, निःशुल्क बैग वितरण, समेकित शिक्षा, सामुदायिक शिक्षा, निर्माण कार्य, आपरेशन कायाकल्प, मिशन प्रेरणा के अंतर्गत प्रेरक ब्लाक घोषणा सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। मंत्री जी के द्वारा आपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में निर्धारित मानक के अनुसार अब तक उपलब्ध करायी गयी सुविधा एवं व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गयी। मा0 मंत्री जी ने आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में बचे हुए शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए शौचालय एवं विद्युत संयोजन के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करा लिया जाये। मा0 मंत्री जी ने सभी विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर सुसज्जित किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं समाज के सम्मानित व्यक्तियों से भी वार्ता कर विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाये। मिशन प्रेरणा के अन्तर्गत विद्यालयों में संचालित ई-पाठशाला, दीक्षा एप, रीड एलॉग एप के माध्यम से बच्चों को लगातार शिक्षित किये जाने का कार्य किया जाये। उन्होंने इसके साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क यूनीफार्म, निःशुल्क स्वेटर, जूता-मोजा, निःशुल्क बैग वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे के पास उपरोक्त सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाये। उन्होंने नगर क्षेत्र के ऐसे विद्यालयों को जहां की बिल्डिंग खराब है, उसकी सूचना भेजे जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मा0 विधायक शहर उत्तरी-श्री हर्षवर्धन वाजपेयी, अध्यक्ष-भाजपा यमुनापार, राजेन्द्र प्रताप उप शिक्षा निदेशक, रमेश कुमार तिवारी सहायक शिक्षा निदेशक, संतोष कुमार मिश्र प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-संजय कुशवाहा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी ग्रामीण एवं नगर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समाज सेवी ने फिर एक लावारिस युवक के परिजनों को मिलाया

संवाददाता

प्रयागराज। फाफामऊ स्टेशन के समीप 19ध12ध20 को ट्रेन से गिरकर घायल हुए लावारिस युवक के परिजनों तक सोशल मीडिया के ग्रुप एडमिन ने दी सूचना। खबर मिलते ही उसका बड़ा भाई स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में पहुंचकर अपने छोटे भाई मोहम्मद फैय्याज उर्फ सलमान के रूप में पहचान किया। प्रतापगढ़ नगर कोतवाली क्षेत्र के शुखपाल नगर चक काजी गांव निवासी मोहम्मद फैय्याज उर्फ सलमान 25 वर्ष पुत्र स्वर्गीय इम्तियाज शेख पांच भाई दो बहनों में चौथे नम्बर का है। वह वर्तमान में अपनी मां जहीरून निसा तथा अन्य भाइयों के साथ मुम्बई के सईन धरावी एरिया के झपड़ पट्टी में रहकर इलेक्ट्रेशिन का काम करता है। बताया जा रहा है कि वह अपने पैत्रिक गांव आने के लिए 15ध12ध20 को ट्रेन से निकला। रास्ते में फाफामऊ रेलवे स्टेशन के समीप रहस्यमय परिस्थितियों में ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर फाफामऊ जीआरपी के पुलिस कर्मचारियों ने उसकी जान बचाने के लिए तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। लेकिन पुलिस को उसके पास से कोई सामान नहीं मिला। जिससे उसके घर का कोई पता चल पाए। हालांकि स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के कर्मठ जूनियर डाक्टरों ने लावारिस होने की वजह से उसकी जान बचाने के लिए पूरा प्रयास किया और उसे ब्लड भी दो युनिट चढ़ाया। किसी तरह चिकित्सक उसकी जान बचाने में कामयाब हो गए। यह जानकारी 21ध12ध20 को जब सोशल मीडिया ग्रुप अज्ञात गुमशुदा तलाश के एडमिन मो. आरिफ को हुई तो वह उसके पास गए तो उसने दर्द से कराहते हुए अपने घर का पता एवं परिवार के सदस्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी। यह जानकारी मिलते ही मोहम्मद आरिफ ने प्रतापगढ़ के समाज सेवी दोस्त मोहम्मद को इस सम्बन्ध में जानकारी दी और उसके परिवार तक सूचना देने के लिए कहा। बस फिर क्या था दोस्त मोहम्मद उसके परिवार तक पहुंच गए। यह जानकारी उसके बड़े भाई आजाद को हुई तो वह 21ध12ध20 की शाम स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे और जीआरपी पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया और साथ में चौकी के सिपाही अंगद तथा समाजसेवी आरिफ की भूरि - भूरि प्रशंसा की। अब सलमान की देखरेख करने के लिए उसके परिवार के लोग कर रहें है।

# घने कोहरे के चलते हाईवे पर भिड़े 22 ट्रक, एक की मौत, 16 घायल

संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जीटी रोड एन एच-2 पर कोहरे की धुंध से 22 ट्रक एक दूसरे से टकरा गए। हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। अन्य ट्रकों के 16 चालक खलासी घायल हो गए। हादसा मंगलवार देर रात दो बजे हंडिया कोतवाली अंतर्गत उपरदहा गांव के मध्य हुआ। ट्रकों की जोरदार टक्कर व लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के गांवों के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना पर हंडिया इंस्पेक्टर भी हमराहियों संग पहुंच गए। मृत ट्रक चालक का शव कब्जे में ले लिया। घायलों को उपरदहा सीएचसी में भर्ती कराया। मंगलवार शाम होते ही शुरू हुआ कोहरा आधी रात के बाद विकराल हो गया। हालत यह थे कि सर्च लाइट वाले वाहन भी सड़क पर रेंगते रहे। रात करीब दो बजे हंडिया कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर उपरदहा गांव के सामने एक ट्रक पहले डिवाइडर से टकराया तो पीछे से आ रहे 22 ट्रक एक दूसरे से भिड़ गए। ट्रकों के चालक व खलासी शोर मचाने लगे। इस बीच पता चला कि एक ट्रक जो वाराणसी से प्रयागराज आ रहे चालक जुबैद खान उर्फ गुड्डू (30) निवासी करैली प्रयागराज की मौत हो गई। अन्य ट्रकों के चालक व खलासी घायल हुए जिनमें सात की हालत नाजुक है।

# शिवम पाण्डेय बनें युवा शक्ति क्रांति सेना के काशी प्रांत मंत्री

संवाददाता

प्रयागराज। करछना निवासी शिवम पांडेय को युवा शक्ति क्रांति सेना का काशी प्रांत का मंत्री नियुक्त किया गया है।सेना के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष पाण्डेय व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह व काशी प्रांत के अध्यक्ष शुभम द्विवेदी व राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी के सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी सौपीं गयी। पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के साथ कई हिन्दू संगठनो से जुडेध शिवम पांडेय नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उसे पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। काशी प्रांत के मंत्री बननें पर शिवम पांडेय ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# अवैध खनन में लिप्त पांच वाहन सीज

संवाददाता

प्रयागराज। खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए सरायइनायत पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए बुधवार की शाम पांच वाहनों को हिरासत में ले थाने उठा लायी.

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे शाम को मयहमराही गश्त के दौरान कतवारूपुर गांव से मिट्टी लदे चार ट्रैक्टरो रोक लिया. पूछताछ में सभी ट्रैक्टर अवैध खनन में लिप्त पाये गये. वही पास में चल रही जेसीबी मशीन भी अवैध खनन कार्य में लगी थी. पुलिस ने पांचों वाहन को थाने उठा लायी. पकड़े गये वाहन ड्राइवरों के खिलाफ लिखापढ़ी के बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

# निबंध प्रतियोगिता में मो. इलियास प्रथम

संवाददाता

अलीगढ़। महान भारतीय गणितज्ञ एवं आधुनिक काल के महानतम गणित विचारक श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में मोहम्मद इलियास (शोध छात्र) ने प्रथम, महविश इम्तियाज (एमएससी) ने द्वितीय तथा अरशद जीशान (शोध छात्र) ने तृतीय पुरूस्कार हासिल किया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रोफेसर असमा अली ने बताया कि बीएससी एमएससी तथा शोध छात्रों के लिए यह निबंध प्रतियोगिता आन दा लाइफ एण्ड लीगेसी आफ श्रीनिवास विषय पर आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के अलावा में उनमें गणित के बारे में ज्ञान को बढ़ावा देना भी है। गणित विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद अशरफ व प्रोफेसर असमा अली ने विजेताओं को पुरूस्कृत किया। कार्यक्रम के आयोजन में डा० नदीम उर रहमान व डा० शाकिर अली का सहयोग रहा।

# फूलपुर क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

संवाददाता

प्रयागराज। उप आबकारी आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत आज दिनांक 24-12-2020 को आबकारी विभाग द्वारा कोटावा ग्राम और, कोटवा कछारअंतर्गत सराय इनायत थाना में अवैध कच्ची शराब के निर्माण व बिक्री के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक फूलपुर नेहा कुमारी सिंह ,संयुक्त टीम आबकारी निरीक्षक अमित कुमार एस एस एफ और,प्रवर्तन टीम व मय स्टाफ हंडिया आबकारी निरिछक के साथ ताबडतोड दबिश की कार्यवाही की गई। कच्ची शराब बनाने वालों ने महुआ निर्मित लहन प्लास्टिक के जरीकेन मे खेतो व कछार छेत्र के बीच में व गड्डो में छिपा कर रखा था। मौके से 21 भट्टियाँ को नष्ट करते हुए शराब बनाने का उपकरण जब्त किए गए। मौके से लगभग 350 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और लगभग 7000 किलोग्राम महुआ निर्मित लहन को मौके पे नष्ट किया गया। 5 फरार व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

रु टीम में नेहा कुमारी आबकारी निरीक्षक फूलपुर,अमित श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक एसएसएसएफ , कौशलेंद्र प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक हंडिया , हमराह स्टाफ उपस्तिथ रहे।

# दूल्हे समेत परिजनों पर दर्ज हुई दहेज की रिपोर्ट

संवाददाता

बांदा। दहेज की मांग पूरी न होने पर बिना दुल्हन बरात लौटा ले गए दूल्हे, उसके पिता, भाई और बाबा के विरुद्ध दुल्हन के पिता ने थाने में 22 दिन बाद दहेज अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के अमलीकौर गांव निवासी विनोद सिंह की बेटी की शादी 30 नवंबर को थी। बरात मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के अम्बाह थाना के थरा गांव से आई थी। भांवर के दौरान दूल्हे बृजेश के पिता जब्बर सिंह ने कन्या के पिता से दहेज में बुलेट मोटर साइकिल और सोने की चेन की मांग की। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बरात जनवासा स्थल से चुपचाप वापस चली गई। कन्या के पिता विनोद ने वर पक्ष से तिलक में चढ़ाए गए रुपये आदि मांगे, लेकिन बात नहीं बनी। पिता विनोद की तहरीर पर यहां थाने में वर बृजेश उर्फ मोनू, पिता जब्बर सिंह, भाई सोनू व बाबा आत्माराम के खिलाफ दहेज अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि जांच की जा रही है।

# प्रो. हनीफ बेग लाइफ टाइम अचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित

संवाददाता

अलीगढ़। एएमयू के पूर्व सहकुलपति और जेएन मेडीकल कालिज में कार्डियोथोरासिक सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद हनीफ बेग को कार्डियोथोरेसिक सर्जरी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये कार्डियोथोरासिक एण्ड वेस्कुलर सर्जन्स प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रो. बेग को यह सम्मान हाल ही में लखनऊ में आयोजित एसोसिएशन की दूसरी वार्षिक कांफ्रेंस में प्रदान कियाग या। इस अवसर पर कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि अटल बिहारी मेडीकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने प्रो. बेग की चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं को सराहते हुए कहा कि प्रो. बेग अमुवि के जेएन मेडीकल कालिज में न केवल कार्डियोथोरासिक सर्जरी विभाग की स्थापना की बल्कि उनके प्रयासों और रूचि के कारण विभाग निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। एसोसिएशन के सेकरेट्री प्रो. बीके श्रीवास्तव ने भी प्रो. बेग की चिकित्सा के क्षेत्र में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। अमुवि कुलपति प्रो. तारिक मंसूर ने प्रो. बेग को मिले सम्मान पर उन्हें बधाई दी है।

# एक्जीक्यूटिव कौंसिल के नए सदस्य बने एम शकील

अलीगढ़। एएमयू विधि संकाय के डीन प्रोफेसर एम शकील अहमद समदानी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की एक्जीक्यूटिव कौंसिल के नए सदस्य बन गये हैं। प्रोफेसर समदानी की नियुक्ति डीन पद में वरिष्ठताक्रम के आधार पर 25 दिसम्बर बृस्पतिवार से प्रभावी होगयी है। उनका कार्यकाल विधि संकाय के डीन पद पर बने रहने तक होगा।

# नए साल से कोटे की दुकानों में होगी इलेक्ट्रानिक तौल

संवाददाता


बांदा। राशन की सरकारी दुकानों की तौल प्रक्रिया नए वर्ष में हाइटेक होगी। यहां इलेक्ट्रानिक कांटे (तराजू) लगाए जाएंगे। मौजूदा परंपरागत तराजू और बांट से चल रही तौल प्रक्रिया में मिल रही घटतौली की शिकायतों को शासन ने गंभीरता से लेते हुए यह आदेश जारी किया है। प्रदेश के खाद्य एवं रसद आयुक्त मनीष चौहान ने जिलाधिकारियों को जारी किए निर्देश में कहा है कि राशन की दुकानों में आम तराजू व बांट से अनाज की तौल की जा रही है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि राशन तौल में कम निकलता है। जिसे शासन ने गंभीरता से लिया है। रसद आयुक्त ने कहा है कि अगले माह यानी जनवरी से शहरी व ग्रामीण राशन की दुकानों में अनाज की तौल इलेक्ट्रिक कांटों से की जाएगी। रसद आयुक्त ने 30 दिसंबर तक निर्धारित प्रारूप पर यह रिपोर्ट तलब की है कि सभी दुकानों में इलेक्ट्रानिक तराजू लगा दिए गए हैं। जनवरी में शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिक कांटे लगाना सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देश दिया है कि निरीक्षण के दौरान जिस दुकान में बिना इलेक्ट्रिक कांटे के अनाज तौलते हुए पाया जाए उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। निर्देशों में कहा गया है कि कांटेध्तराजू की खरीद कोटेदार खुद करेगा। इसके लिए शासन से कोई धनराशि नहीं दी जाएगी। उधर, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार का दावा है कि जनपद में 60 फीसदी राशन की दुकानों में इलेक्ट्रिक कांटों से अनाज की तौल की जाती है। जल्द अवशेष राशन दुकानों में इलेक्ट्रिानिक कांटे लगवाए जाएंगे।

# ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलाई

अलीगढ़। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बेगम अजीज-उन-निसां हाल में आयोजित कार्यक्रम में हाल की प्रोवोस्ट प्रोफेसर सुबूही खान ने समस्त वार्डन्स एण्ड हाल कर्मियों को ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलाई और उन्हें उर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में बताया कि किस प्रकार से वह हाल तथा अपने घरों में ऊर्जा संरक्षित कर सकते हैं।

# बाइक सवार युवक को गोली मारकर घायल किया

संवाददाता



बांदा। बरहौं संस्कार से वापस जा रहे बाइक सवार युवक को तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जिला अस्पताल भेज दिया। मटौंध थानांतर्गत दुरेड़ी गांव का संग्राम सिंह (18) बुधवार शाम अपने भाई रणविजय सिंह के यहां बरहौं संस्कार में शामिल होने गया था। बाइक पर घर लौटते समय बंशी पुरवा मार्ग पर अज्ञात लोगों ने उस पर फायर कर दिया। गोली दाहिने हाथ में लगी। रणविजय के मुताबिक उसके पिता रमन सिंह की 1994 में हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपी रिश्तेदार थे। उसी को लेकर अभी भी खानदानी भाइयों से रंजिश है। कहा कि उसे रोककर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। हमलावर दोनों भाइयों ने गोली मार दी। दो दिन पहले भी मारपीट कर गोली मारने का प्रयास किया गया था। उधर, थाना इंसपेक्टर अरविंद तिवारी ने देर शाम बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच की जा रही है।

# निलंबित सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता



बांदा। ससुराल में निलंबित सफाई कर्मचारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। गिरवां थाना क्षेत्र के पथरहा गांव में बुधवार की रात राजू उर्फ रजवा प्रजापति (50) पुत्र सुंधा ने सीलिंग फैन से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त घर के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह परिजनों ने शव लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। अकबरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संतलाल सरोज ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भांजे नरेश ने बताया कि रजवा चित्रकूट जिले में सफाई कर्मी था। वह डेढ़ साल से निलंबित चल रहा था। इससे वह काफी दुखी रहता था। कई बार अधिकारियों से न्याय की फरियाद की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। वह थाना क्षेत्र के अतरहट का मूल निवासी है। अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मटौंध थाना क्षेत्र के चिलेहटा गांव में महेश (35) व बिसंडा कस्बा निवासी कुसुमा (20) ने बुधवार की रात जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की वजह गृह कलह बताई जा रही है।

# एएमयू ने श्वेता भट से किसी प्रकार का संपर्क स्थापित नहीं किया है

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट की पत्नी श्वेता भट से किसी प्रकार का संपर्क स्थापित नहीं किया है और न ही अमुवि परिसर में उनके किसी आभासी कार्यक्रम के संबंध में किसी व्यक्ति ने अमुवि प्रशासन से संपर्क किया है। अमुवि प्रशासन ने कहा कि मीडिया के वर्ग द्वारा इस संबंध में प्रकाशित सूचना उन लोगों का काम है जिन्हें विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय इस सूचना का कड़े शब्दों में खण्डन करता है जिसे कुछ मीडिया संस्थानों तथा सोशल मीडिया द्वारा गलत तरीके से प्रकाशित एवं प्रसारित किया गया है।

# अन्ना मवेशियों ने रौंदी 37 बीघा की फसल

संवाददाता



उरई/जलौन। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना में आधा सैकड़ा अन्ना मवेशियों ने क्षेत्र के किसानों की करीब 37 बीघा की चना, मटर, लाही, गेंहू की फसल रौंद दी। आक्रोशित किसानों ने गोशाला कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगा कर हंगामा किया। आरोप लगाया कि गोशाला में व्यवस्थाएं न होने से आए दिन अन्ना मवेशी किसानों की फसल बर्बाद कर रहे है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई व मुआवजे की मांग की। इकौना गोशाला के तार तोड़ कर निकले मवेशियों ने क्षेत्र के किसानों की 37 बीघा चना, मटर, लाही, गेंहू की फसल को नष्ट कर दिया।

इसमें किसान चिंटीलाल की पांच बीघा मटर व गेहूं, लालाराम की तीन बीघा मटर, गंगादास की 16 बीघा गेहूं, चना, मटर, लाही, मुलू की 10 बीघा जवा, चना व गेहूं व बलराम की तीन बीघा गेहूं की फसल को मवेशियों ने रौंद डाला। किसानों का आरोप है कि गांव में स्थित गोशाला में चारे पानी की व्यवस्था नहीं है। मवेशी आए दिन तार तोड़ कर निकल जाते हैं और किसी न किसी खेत को निशाना बनाकर फसल को नष्ट कर देते है। इस संबंध में बीडीओ अतिरंजन सिंह का कहना है कि मामले की जांच को दो सदस्यीय टीम इकौना भेजी जा रही है। लापरवाही मिलने पर संबधित सचिव पर कार्रवाई होगी।

# कृषि बिल के नाम पर किसानों को किया जा रहा गुमराह

संवाददाता

उरई/जलौन। भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों को कृषि कानून के लाभ के बारे बताएंगे। इसके लिए 25 दिसंबर से भाजपा किसान मोर्चा अभियान की शुरुआत कर रही है। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री राजेश सिंह सेंगर ने कालपी में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के आवास पर पत्रकार वर्ता करते हुए कही। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष कृषि कानून के नाम पर किसानों को भड़का रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कानून के लाभ बताने के लिए भाजपा अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर से गांव-गांव अभियान शुरू कर रही है। इसके अंतर्गत किसान मोर्चा के पदाधिकारी गांवों में किसानों के घर व खेत में जाकर किसानों को कृषि कानून के लाभों के बारे में जानकारी देंगे। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र द्विवेदी उर्फ लल्लू मवई, भाजपा सभासद अतुल सिंह चौहान, भाजपा नेता दिग्विजय सिंह, भूरा सोनी, रिंकू शुक्ला सहित कई किसान मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मृत या जीवित के लिए शोक नहीं करते ज्ञानी

बांदा। शहर के सिंहवाहिनी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन आचार्य चौतन्य महाराज (प्रयागराज) ने जीवन और मृत्यु पर चर्चा की। बताया कि श्रीकृष्ण ने गुरू की भांति अर्जुन को परमब्रह्म का साक्षात कराया। कृष्ण ने कहा कि तुम ज्ञानियों की तरह बात करते हो, लेकिन जिनके लिए शोक नहीं करना चाहिए, उनके लिए शोक करते हो। ज्ञानी मृत या जीवित के लिए शोक नहीं करते। जन्म में जीवात्मा बाल, युवा और वृद्ध शरीर को प्राप्त करती है। वैसे ही जीवात्मा मरने के बाद नया शरीर प्राप्त करती है। मनुष्य के जीवन में तीन प्रकार के प्रस्थान होते हैं।

# फर्जी कागजात तैयार कर 3 लाख 80 हजार हड़पे

उरई/जलौन। फर्जी कागजात तैयार करके जालसाजों ने मृतक की जमीन का बैनामा कर दिया। जानकारी होने पर जालसाजों ने क्रेता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। थाना सिरसा कलार के ग्राम मघापुर गुलाब सिंह ने बताया कि उनकी जखा निवासी समरथ सिंह से मुलाकात हुई। पता चला कि जखा में जमीन बिकाऊ है। जमीन देखकर 3 लाख 80 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। 15 अक्तूबर को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में रुपये देकर बैनामा करा लिया। बाद में पता चला कि खेत मालिक जगन्नाथ की मौत 15-16 वर्ष पूर्व हो चुकी है। जखा निवासी वेदप्रकाश ने जगन्नाथ बनकर बैनामा किया था। जब 28 अक्तूबर को वह बैनामा निरस्त कराने गया तो तो मारने की धमकी दी है। फर्जी आधार कार्ड समेत कागजात तैयार करने की शिकायत 30 अक्तूबर को थाने में तथा 3 नवंबर को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें की किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता


बांदा। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। युवक पत्नी की दवा ग्वालियर से लेने के बाद घर लौट रहा था तभी रास्ते में हादसा हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कैलिया थाना क्षेत्र के नरी गांव निवासी दिनेश पुत्र भागीरथ बुधवार की शाम अपनी पत्नी की दवा लेकर बाइक से अपने गांव नरी जा रहे थे। कोंच-पहाड़गांव रोड पर ग्राम डाढ़ी के पास उन्हें ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे सुरही चौकी इंचार्ज मदन पाल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। दिनेश ने हेलमेट नहीं लगाया था।

# राष्ट्रधर्म के जुझारु कर्मयोद्धा थे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक, राष्ट्रीयता के समर्थक और सिद्धान्तवादी थे। जब कभी भारत की एकता, अखण्डता एवं राष्ट्रीयता की बात होगी तब–तब डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्रजीवन में किये गए योगदान की चर्चा अवश्य होगी। डॉ. मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमन्त्री (वजीरे–आजम) अर्थात् प्रधानमन्त्री कहलाता था। संसद में अपने भाषण में डॉ. मुखर्जी ने धारा–370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। उन्होंने तात्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये वे 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। डॉ. मुखर्जी निरन्तर राष्ट्र श्रद्धा के प्रतीकों का मान एवं रक्षण करते रहे। वे सदैव देशहित में स्वदेशी चेतना, स्वदेशी जीवन पद्धति, स्वदेशी वेशभूषा तथा स्वदेशी संस्कार के प्रकटीकरण पर बल दिया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्रधर्म का पालन करने वाले साहसी, निडर एवं जुझारु कर्मयोद्धा थे। जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी एवं अखण्ड राष्ट्रीयता की बात होगी, डॉ. मुखर्जी के अवदानों को सदा याद किया जायेगा।

डॉ. मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर अपने हाथों में ली है, तब से कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने, भारतीय संस्कृति की शिक्षा एवं संस्कार को आधार मानते हुए सारे विश्व में इसके प्रसार के लिए वे अग्रदूत की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। मोदी न केवल भारतीय संस्कृति के ज्ञान को माध्यम बनाकर विश्व समुदाय को जीवन जीने का नवीन मार्ग बता रहे हैं, बल्कि भारत को एक बार फिर जगतगुरु के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. मुखर्जी के दृष्टिकोण एवं संकल्पों को श्री मोदी ने 'माय आइडिया ऑफ इंडिया' के रूप में कई बार संसार के समक्ष भी रखा है। मोदी ने डॉ. मुखर्जी के व्यापक दृष्टिकोण एवं भारत को लेकर उनके सपनों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से प्रस्तुति दी है। देश और दुनिया में उनकी विचारधारा एवं सपनों को प्रभावी ढंग से न केवल प्रस्तुति दी है बल्कि उन अधूरों सपनों को पूरा भी करने की ओर डग भरे हैं।

डॉ. मुखर्जी का जीवन बहुत संघर्षभरा रहा, अपनी राष्ट्रवादी नीतियों के कारण उन्हें बहुत से विरोध एवं उपेक्षाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने संकल्प पर अडिग रहे। उनके अनुसार भारत कर्मभूमि, धर्मभूमि एवं पुण्यभूमि है, यहां का जीवन विश्व के लिये आदर्श है। भारत राज्य नहीं, सर्व प्रभुता सम्पन्न राष्ट्र है। इसे राष्ट्र बनाया नहीं, अपितु यह तो सनातन राष्ट्र है। डॉ. मुखर्जी द्वारा प्रदत्त महान् विचार एवं संकल्प तेजस्वी भारत राष्ट्र की परिकल्पना की सृष्टि करता है।



डॉ. मुखर्जी में राजनीतिक शक्ति ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक शक्ति भी प्रबल थी। वे निरन्तर भारत को शक्तिशाली एवं समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध रहे। यही कारण है कि वे सावरकर के राष्ट्रवाद के प्रति आकर्षित हुए और हिन्दू महासभा में सम्मिलित हुए। मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था। वहाँ साम्प्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी। साम्प्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह सुनिश्चित करने का बीड़ा उठाया कि बंगाल के हिन्दुओं की उपेक्षा न हो। अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया।

डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वे मानते थे कि आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं। हममें कोई अन्तर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। परन्तु उनके इन विचारों को अन्य राजनैतिक दल के तत्कालीन नेताओं ने अन्यथा रूप से प्रचारित–प्रसारित किया। बावजूद इसके आमलोगों के दिलों में उनके प्रति अथाह प्यार और समर्थन बढ़ता गया। अगस्त, 1946 में मुस्लिम लीग ने जंग की राह पकड़ ली और कलकत्ता में भयंकर बर्बरतापूर्वक अमानवीय मारकाट हुई। उस समय कांग्रेस का नेतृत्व सामूहिक रूप से आतंकित था।

गांधीजी और सरदार पटेल के अनुरोध पर वे भारत के पहले मंत्रिमंडल में शामिल हुए। उन्हें उद्योग जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी। संविधान सभा और प्रान्तीय संसद के सदस्य और केन्द्रीय मन्त्री के नाते उन्होंने शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान बना लिया। किन्तु उनके राष्ट्रवादी चिन्तन के चलते अन्य नेताओं से मतभेद बराबर बने रहे। फलतः राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने एक नई पार्टी बनायी जो उस समय विरोधी पक्ष के रूप में सबसे बड़ा दल था। अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ।

डॉ. मुखर्जी का छात्र जीवन से ही अटल विश्वास था कि अध्यात्म तथा विज्ञान से युक्त शिक्षा के द्वारा ही भारत 'जगत गुरु' के रूप में निरन्तर विश्व में आगे बढ़ सकता है। उनके जीवन की विशेषता यह है कि उनमें अध्यात्मवाद, सहनशीलता, मानवीय गुणों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं गहरी समझ के साथ सुन्दर समन्वय हो गया था। यह विशेषता शिक्षाविद् और संसदविद् के रूप में उनके पूरे जीवन में परिलक्षित होती रही। मानव मात्र की सेवा को ही वह ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे। डॉ. मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय था। वे सिर्फ 33 साल की उम्र में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बन गए। करीब 20 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज में इन्होंने कन्वोकेशन एड्रेस किया। युवा श्यामा प्रसाद का लालन. पालन एक ऐसे वातावरण में हुआ था जहां उन्हें पूजा, अनुष्ठानों, धार्मिक कृत्यों और उत्सवों को देखने का सौभाग्य तथा अपने पिता और भारत के सभी भागों एवं विदेशों से आये महान विद्वानों के बीच सामाजिक और वैज्ञानिक विषयों पर हुई चर्चाओं को सुनने का सौभाग्य प्राप्त था। वास्तव में, इससे उनमें भारत की पुरातन संस्कृति के प्रति गहरी आस्था और पाश्चात्य विचारों और ज्ञान के प्रति लगाव पैदा हुआ। अपने सार्वजनिक जीवन में वह अपनी अंतरात्मा की आवाज को एवं अपनी अंदरूनी प्रतिबद्धताओं को व्यक्त करने में कभी डरते नहीं थे। विडम्बना यह है कि तत्कालीन सत्ता के खिलाफ जाकर सच बोलने एवं अपने संकल्पों पर अडिग रहने की जुर्रत करने वाले डॉ. मुखर्जी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी, और उससे भी बड़ी विडम्बना की बात यह है कि आज भी देश की जनता उनकी रहस्यमयी मौत के पीछे की सच को जान पाने में नाकामयाब रही है। डॉ. मुखर्जी इस प्रण पर सदैव अडिग रहे कि जम्मू एवं कश्मीर भारत का एक अविभाज्य अंग है। उन्होंने सिंह–गर्जना करते हुए कहा था कि, "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान, नहीं चलेगा– नही चलेगा"। डॉक्टर मुखर्जी अनुच्छेद 370 के मुखर विरोधी थे और वो चाहते थे कि कश्मीर पूरी तरह से भारत का हिस्सा बने और वहां अन्य राज्यों की तरह समान कानून लागू हो। वर्तमान भाजपा सरकार उनके सपनों एवं इच्छाओं को आकार देकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

# फूलों की देखभाल में अपनाएं ये टिप्स, लंबे समय तक रहेंगे फ्रेश





एजेंसी

फूल घर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ अपनी धीमी–धीमी महक से मन खुश करने का काम करता है। ऐसे में बहुत से लोग घरों को गुलाब के फूलों से डेकोरेट करते हैं। मगर अक्सर वास में लगे फूल जल्दी ही मुरझाने लगते हैं। इसके साथ ही पौधों से बदबू आने लगती है। ऐसे में इन्हें लंबे समय तक फ्रेश और सही रखने के लिए इनकी अच्छे से देखभाल करने की जरूरत होती है। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ टिप्स बताते हैं। इन घरेलू उपायों का मदद से आप लंबे समय तक फूलों को ताजा रख सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन आसान से टिप्स के बारे में...

वास में पौधे को डालने से पहले पानी में नमक और सिरके मिलाकर डालें। साथ ही फूलों की पत्तियां काट कर पानी में डुबोएं। नहीं तो पत्तियां सड़ सकती है। ऐसे में उनमें बदबू आने लगेगी। अक्सर घरों में पुरानी विटामिन्स की गोलियां पड़ी होती है। ऐसे में उन्हें फेंकने की जगह गमले में डाल दें।

इससे फूलों को कीड़े लगने से बचाव रहेगा। ऐसे में फूल लंबे समय तक फ्रेश रहेंगे। आजकल बहुत से लोग आर्टिफिशियल फूलों से घर को सजाना अच्छा समझते हैं। मगर इसकी अच्छे से केयर ना करने पर फूलों का रंग हल्का पड़ने लगता है। ऐसे में इसका रंग बरकरार रखने के लिए इसके लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कच्चे दूध को कॉटन में डुबो कर इससे आर्टिफिशियल पत्ते और फूलों को हल्के हाथों से साफ करें। इससे इनमें चमक आने के साथ रंग बरकरार रहने में मदद मिलेगी। गुलाब के फूलों को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए इसकी कटिंग का भी ध्यान रखें।

ऐसे में गुलाब को पानी में डालने से पहले उसकी डंडी की कटिंग करें। इससे फूल लंबे समय तक फ्रेश रहने के साथ खिले रहेंगे। वास में गुलाब का पौधा लगाना भी अच्छा रहेगा। ऐसे में गुलाब की कलियों को वास में डालने से पहले उसपर हेयर–स्प्रे का इस्तेमाल करें। इससे गुलाब धीरे– धीरे खिलने के साथ लंबे समय तक फ्रेश रहेंगे। वास में पानी के बदलने का भी खास ध्यान रखें। ऐसे में 2 दिन छोड़ कर वास का पानी बदलें। इससे पानी में बैक्टीरिया पनपने व फूलों को नुकसान पहुंचने से राहत रहेगी।

# क्रिसमस डे पर बनाएं ट्रेडिशनल प्लम केक

क्रिसमस के खास मौके पर लोग घरों में अलग–अलग डिश बनाते हैं। मगर आज हम आपके लिए ट्रेडिशनल प्लम केक की रेसिपी लेकर आए है। यह एक फ्रूट केक होता है, जिसे इंग्लैंड में खासतौर पर क्रिसमस के दौरान बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए प्लम यानि आलूबुखार, ड्राई फ्रूट्स, किशमिश व फल इस्तेमाल किए जाते हैं। तो चलिए आइए जानते हैं ट्रेडिशनल प्लम केक बनाने की रेसिपी...

सामग्रीः

मैदा– 2 कप

मिक्स फ्रूट्स– 2, 1/2 कप (प्लम, चेरी, किशमिश, फल आदि कटे हुए )

वनिला एसेंस– 2 छोटे चम्मच

बादाम– 1 छोटी कटोरी (कटे हुए)

अंडे– 5

चीनी– 1, 1/2 कप

मक्खन– 1 कप

विधिः

1. सबसे पहले एक बाउल में बादाम, मिक्स फ्रूट्स और 2 बड़े चम्मच डालकर मिलाएं।

2. अब एक अलग बाउल में बटर, अंडे, चीनी, वनिला एसेंस डालकर फेंट लें।

3. इसमें बाकी का मैदा, मिक्स फ्रूट्स वाला मिश्रण डालकर अच्छे से मिलाएं।

4. केक पैन को घी से ग्रीस करके उसमें तैयार मिश्रण डालें।

5. ओवन को 150 डिग्री पर प्रीहीट करके उसमें केक ट्रे रखें।

6. 40 मिनट तक केक बेक होने दें।

7. तय समय के बाद इसे ओवन से निकाल कर ठंडा करके सर्व करें।

8. लीजिए आपका ट्रेडिशनल प्लम केक बनकर तैयार है।




# जीएसटी के एक्सपर्ट बनना चाहते हैं, तो करें यह कोर्सेज

एजेंसी

भारतवर्ष में टैक्स सुधार की दिशा में जीएसटी एक बड़ा कदम माना गया। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, यानी वस्तु एवं सेवा कर, अपने आप में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम था और पूरे देश में एक समान टैक्स की व्यवस्था करने में इसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके पहले कई तरह के टैक्सेज थे, जो अलग–अलग जगहों पर लगते थे और उसकी वजह से लालफीताशाही भी खूब फलती फूलती थी।


अब वक्त बदल गया है!

साथ ही जीएसटी आने के बाद अब ऐसे प्रोफेशनल्स की भी भारी डिमांड हो चुकी है, जो इन कोर्सेज में विशेषज्ञ हों, जो समझ सकें और समझा सकें कि कस्टमर के लिए क्या बेहतर है और क्या लाभकारी नहीं है, खासकर टैक्स के मामले में!

29 मार्च 2017 को यह एक्ट हमारी पार्लियामेंट से पास हुआ, तो 1 जुलाई 2017 से यह पूरे देश में लागू कर दिया गया। छोटे व्यापारियों के लिए यह काफी बेहतर माना गया, क्योंकि तमाम सरकारी फॉर्मेलिटी और परमिशन लेने के प्रोसेसेस इसमें काफी कम किए गए हैं। साथ ही लॉजिस्टिक भी इससे आसान ही हुआ है, तो असंगठित क्षेत्र भी रेगुलेट होने की दिशा में मजबूती से बढ़ चला है। ऐसे में क्या आप भी इस फील्ड के एक्सपर्ट बनना चाहते हैं?

आइए देखते हैं इसकी डिटेल्स, लेकिन उससे पहले आप जान लें कि जीएसटी में मुख्य रूप से कौन–कौन से काम शामिल किए जाते हैं।

जीएसटी ट्रांजैक्शंस का रजिस्ट्रेशन इसमें सबसे पहले आता है। जी हां! इस कार्य में अगर 20 लाख से अधिक आपका टर्नओवर है तो आप एक टैक्सेबल सिटीजन के तौर पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने के योग्य हो जाते हैं। ध्यान रहे, अगर इस लिमिट पर आप नहीं कराते हैं, तो फिर आप पर पेनाल्टी लग सकती है।




इसके बाद जीएसटी रिटर्न की बात आती है। इसमें अलग–अलग फॉर्म होते हैं, जिसमें सेल, परचेज और दूसरे टैक्स इत्यादि की डिटेल भरनी होती है।

इसके बाद तीसरा जो काम आता है वह जीएसटी एकाउंटिंग का काम होता है। इसमें बारीकी से कैलकुलेशन को चेक किया जाता है और विभिन्न बिजनेस और आपकी संस्था की विशेष जरूरतों को पूरा करने की प्रक्रिया करनी होती है। इसके बाद चौथे नंबर पर जीएसटी रिकॉर्ड की बात आती है। जाहिर तौर पर यहां रिकॉर्ड मेंटेन किया जाता है। इसे ड्राफ्ट रिकॉर्ड्स रूल्स भी कहते हैं, जिसमें एडिशनल जीएसटी अकाउंटिंग और रिकॉर्ड कीपिंग रिक्वायरमेंट शामिल किया जाता है।

जाहिर तौर पर यह सारी चीजें अगर आप सीख लेते हैं तो आपको मार्केट में अच्छी खासी अपॉर्चुनिटी मिलने की संभावना प्रबल हो जाती है। पर प्रश्न उठता है कि कौन से कोर्सेज इसके लिए बेहतर है?

इसमें सबसे पहले बिगनर कोर्स आता है।

बिगनर कोर्स को आप डिप्लोमा भी समझ सकते हैं, जिसके लिए आपको 12वीं पास करना आवश्यक होता है। इसमें आपको 24 से 48 घंटे तक की क्लास रूम ट्रेनिंग दी जाती है और तमाम जीएसटी के बेसिक्स की जानकारी आपको दी जाती है। सामान्य तौर पर यह कोर्स ध्5000 तक आपको मार्केट में उपलब्ध हो जाता है।

इसके बाद आप जीएसटी इंटरमीडिएट कोर्स कर सकते हैं। जी हां! बिगनर कोर्स के बाद यह कोर्स आपके सामने आता है और प्रैक्टिकल जानकारी आपको इसमें प्रदान की जाती है। अकाउंट्स और मैनेजर के लिए भी यह कोर्स काफी अच्छा माना जाता है, और ई लर्निंग के माध्यम से इस कोर्स को पूरा किया जा सकता है। तकरीबन 60 घंटे तक, इसकी ट्रेनिंग पर्याप्त होती है। बलगभग ध्6000 में यह कोर्स अवेलेबल है।

टैली ईआरपी

इसे भी 12वीं पास बच्चे कर सकते हैं। इसमें मैथमेटिकल कंप्यूटेशन भी शामिल होता है। कोई भी कंपनी अपनी बैलेंस शीट को अपने खर्चे और दूसरे अकाउंटिंग से जुड़े हिसाब किताब को मेंटेन करने के लिए आज के समय में ईआरपी भी यूज करती है। अगर आप भी ऑनलाइन इस कोर्स को करना चाहते हैं, तो अधिकतम 40 घंटे में इसे पूरा कर सकते हैं। 3000 से ध्4000 के बीच में यह कोर्स आपको अवेलेवल है।

एक्सपर्ट लेवल के कोर्स के लिए भी 12वीं तक की शिक्षा अनिवार्य होती है, लेकिन तकरीबन 135 घंटे की ऑनलाइन या क्लासरूम ट्रेनिंग आपको करना होता है। फिर एग्जाम देने के बाद आप जीएसटी में एक्सपर्ट लेवल के डिप्लोमा होल्डर कहला सकते हैं। कोर्स के लिए 12 से 14000 के बीच में फीस आपको चुकानी पड़ सकती है।

जीएसटी बिजनेस मैनेजमेंट

जी हाँ!, अगर आप 12वीं पास हैं तो आप इस कोर्स में जा सकते हैं। तकरीबन 8,000 रुपए देकर आप 60 घंटे तक की ऑनलाइन ट्रेनिंग ले सकते हैं। अब आप समझ गए होंगे कि अलग अलग तरीके के कोर्सेज किस तरीके से आपको फायदा दे सकते हैं। इसके अलावा आईसीएआई (छ।प) यानी भारतीय लागत लेखाकार संस्थान ने भी जीएसटी कोर्स की शुरुआत की है। यह जीएसटी का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम माना जाता है।

अगर आप ऐसे ही कोर्सेज दूसरी यूनिवर्सिटीज से करना चाहते हैं तो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ यूनिवर्सिटी जैसे तमाम संस्थान भी जीएसटी पर कोर्सेज करा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में भी जीएसटी पर पाठ्यक्रम शुरू होने वाला है, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि आप इस फील्ड में कितना इंटरेस्ट लेते हैं और किस तरीके से अपने कॅरियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

# सर्दी में कमर दर्द, जोड़ का हो या गठिए का दर्द, 1 लड्डू रोज का खाएं और रोग भगाएं

गुड़ गोंद के लड्डू ना सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं बल्कि यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसे खाने से कमर दर्द, जोड़ों के दर्द से आराम मिलता है। इसे आप सर्दियों के मौसम में दो से ढाई महीने तक एयर टाइट डब्बे में बंद करके रख सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको घर पर ही गोंद के लड्डू बनाने की आसान रेसिपी बताते हैं...

सामग्री

नारियल– 100 ग्राम (कद्दूकस किया हुआ)

गोंद– 100 ग्राम

खसखस– 25 ग्राम

बादाम– 100 ग्राम

काजू– 100 ग्राम

गेहूं का आटा– 200 ग्राम

गुड़ (छोटे टुकड़ों में कटा हुआ)– 500 ग्राम

देसी घी– 200 ग्राम

इलायची पाउडर– 1/2 चम्मच

विधि

– एक पैन में 2 टेब्लस्पून देसी घी डालकर हल्का गर्म करें।

– उसमें गोंद को हल्का ब्राऊन भून लें। जब यह फूल जाए तो इस बाउल में निकालकर साइड पर रख दें।

– बादाम और काजू को भी क्रिस्पी होने तक घी में फ्राई करें।

– नारियल और खसखस को भी हल्का ब्राऊन होने तक भूनें।

– एक अलग पैन में देसी घी डालकर उसमें आटे को हल्का ब्राऊन होने तक भूनें।



– अब एक पैन में गुड़ में पानी डालकर पकाएं।

– अब फ्राई किए काजू, बादाम और खसखस को मिक्सी में पीस लें।

– मेल्ट किए गए गुड़ में भूना हुआ आटा, नारियल और बाकी सामग्री डालकर अच्छे से मिक्स करें और ठंडा करने के लिए रखें।

– इसके बाद इस मिक्सचर में से हल्का मिश्रण लें और लड्डू की शेप बनाकर प्लेट पर रखें।

– जब लड्डू सख्त हो जाए तो इसे किसी एयर टाइट कंटेनर में डालकर रखें।

– आपके लड्डू बनकर तैयार हैं।


टिप्सः


रात को सोते समय एक लड्डू हल्के गर्म दूध के साथ खाने से घुटनों, आंखों, जोड़ों और सिर के दर्द से आराम मिलेगा। इस बाद का ध्यान जरूर रखें कि इसमें डाली गई सभी सामग्रियां गर्म होती है इसलिए गर्भवती स्त्रियां इसे गर्मी के मौसम में बिल्कुल ना खाएं।

## डिम्पल कपाड़िया की 'टेनेट' में परफार्मेंस देख बोले ऋतिक रोशन-

# 'डिम्पल आंटी आप कुछ और ही हैं!'

एजेंसी
हॉलीवुड के विख्यात निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फ़िल्म टेनेट में डिम्पल कपाड़िया ने एक बेहद अहम






रोल निभाया है। हिंदी सिनेमा की वेटरन एक्टर डिम्पल की इस फ़िल्म में परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ़ हो रही है। यहां तक कि ख़ुद क्रिस्टोफर डिम्पल की सहज एक्टिंग के मुरीद बन चुके हैं। अब बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने टेनेट में डिम्पल की एक्टिंग के फैन बन गये हैं। ऋतिक ने सोशल मीडिया के ज़रिए अपनी भावनाएं ज़ाहिर कीं। ऋतिक ने इंस्टाग्राम स्टोरी में फ़िल्म से डिम्पल की एक फोटो पोस्ट करके लिखा– किसी इंटरनेशनल फ़िल्म में किसी भारतीय एक्टर की यह बिना किसी चूक के सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। बस शानदार। किरदार का आकर्षण, ताक़त, गरिमा, अपनी ओर खींचतीं आंखें... डिम्पल आंटी आप कुछ और ही हैं! उनके लिए टेनेट देखने जाइए। बता दें, टेनेट 4 दिसम्बर को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी। टेनेट में जॉन डेविड वॉशिंगटन और रॉबर्ट पैटिंसन ने मुख्य भूमिका निभायी है। डिम्पल का यह हॉलीवुड डेब्यू है। अक्षय कुमार ने फ़िल्म की रिलीज़ के बाद ट्विटर पर डिम्पल के लिए संदेश लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा– यह मेरा गौरवान्वित दमाद वाला लम्हा है। क्रिस्टोफर नोलन ने फ़िल्म रिलीज़ की पूर्व संध्या पर डिम्पल कपाड़िया के लिए एक दिली संदेश लिखा है। अगर मैं उनकी जगह होता, तो मैं उनकी आभा में खो जाता, लेकिन टेनेट में उन्हें काम करते हुए देखकर मैं बेहद ख़ुश हूं और मां पर गर्व महसूस कर रहा हूं। डिम्पल की एक्टिंग का लोहा ख़ुद नोलन मान चुके हैं। ट्विंकल ने क्रिस्टोफर के साथ एक इंटरव्यू की क्लिप शेयर की थी, जिसमें वो क्रिस्टोफर से पूछती हैं कि क्या यह सच है कि डिम्पल ऑडिशन के समय नर्वस थीं और उन्होंने किसी दूसरी एक्ट्रेस का नाम रिकमेंड कर दिया था? इस पर नोलन बताते हैं कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ। बैटमैन बिगिंस के लिए वो लियाम नीसम से मिले थे। उन्होंने भी किरदार सुनकर मना किया और किसी और का नाम रिकमेंड कर दिया। नोलन ने कहा कि यह नर्वसनेस विनम्रता की निशानी है। भारत में फ़िल्म को अच्छी शुरुआत मिली थी। फ़िल्म ने ओपनिंग वीकेंड में लगभग 5 करोड़ का कलेक्शन किया था। 1100 से अधिक स्क्रींस पर उतारी गयी फ़िल्म ने 1–2 करोड़ की ओपनिंग ली थी, जो ठीक–ठाक है। बता दें कि 15 अक्टूबर से सिनेमाघर खोल दिये गये हैं, मगर 50 फीसदी दर्शकों के साथ ही खोला गया है, जिसका मतलब है कि सिनेमाघरों में सीटों की संख्या आधी कर दी गयी है। टेनेट के कलेक्शंस से फ़िल्म उद्योग को सकारात्मक संकेत मिले हैं

# धर्मेंद्र को अमेरिका की न्यू जर्सी असेम्बली ने दिया लाइफ़ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

## यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय कलाकार

एजेंसी
हिंदी सिनेमा के लीजेंडरी एक्टर धर्मेंद्र को अमेरिका की न्यू जर्सी स्टेट जनरल




असेम्बली और सीनेट ने संयुक्त प्रस्ताव पास करके लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया है। दोनों सदनों ने धर्मेंद्र के हिंदी सिनेमा में अमूल्य योगदान को देखते हुए यह प्रस्ताव पारित किया। क़रीब 60 साल के करियर में धर्मेंद्र ने 300 से अधिक फ़िल्मों में काम किया। समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवॉर्ड को स्वीकार करते हुए धर्मेंद्र ने बॉलीवुड इनसाइडर का शुक्रिया अदा किया और कहा– इस सम्मान से मैं बहुत ख़ुश हूं और अपनी तरह के इस ख़ास अवॉर्ड को हासिल करके ख़ुश हूं। धर्मेंद्र को एक ऑनलाइन कार्यक्रम के ज़रिए अवॉर्ड दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी पब्लिकेशन बॉलीवुड इनसाइडर ने किया था। आयोजकों ने बताया कि धर्मेंद्र इस तरह के अवॉर्ड को पाने वाले पहले भारतीय कलाकार हैं। उन्हें सम्मानित करने के लिए न्यू जर्सी बुलाने की योजना थी, मगर कोविड–19 की वजह से इसे निरस्त करना पड़ा। धर्मेंद्र को सम्मानित करने का प्रस्ताव सीनेटर माइकल डोहर्टी ने पेश किया था। इस कार्यक्रम में डोहर्टी के अलावाल न्यूयॉर्क में भारतीय काउंसलर जनरल एम्बेस्डर रणधीर जायसवाल, बॉलीवुड इनसाइडर के प्रकाशक वरिंदर भल्ला, न्यूयॉर्क इंडिया टाइम्स के प्रकाशक पद्मश्री डॉ. सुधीर पारिख आदि शामिल हुए। डोहर्टी ने बताया कि यह प्रस्ताव दोनों सदनों के सभी 120 सदस्यों ने निर्विरोध पारित किया।

बता दें, धर्मेंद्र हिंदी सिनेमा के उन एक्टर्स में शामिल हैं, जिन्होंने अपने करियर में रोमांटिक, सामाजिक, एक्शन, ड्रामा हर तरह के किरदार निभाये हैं। धर्मेंद्र ने 1960 में आयी फ़िल्म दिल भी तेरा हम भी तेरा से डेब्यू किया था। उन्होंने अपने शानदार करियर में शोले समेत कई हिट और ब्लॉकबस्टर फ़िल्में दी हैं। हाल ही में धर्मेंद्र ने अपनी होम प्रोडक्शन फ़िल्म अपने 2 का एलान किया था, जिसे अनिल शर्मा निर्देशित कर रहे हैं। इस फ़िल्म में धर्मेंद्र एक बार फिर अपने दोनों बेटों सनी और बॉबी देओल के अलावा पहली बार पोते करण देओल के साथ नज़र आएंगे।

# अथिया शेट्टी को अच्छे लगते हैं फूल,

## क्रिकेटर केएल राहुल ने पूरी की ख्वाहिश


एजेंसी
सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल के बीच सोशल मीडिया में दिलचस्प बातें होती हैं, जिन्हें दोनों के फैंस खघ्ूब एंजॉय करते हैं। अथिया ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करके बताया कि फूल उन्हें अच्छे लगते हैं, जिस पर केएल राहुल ने दिलचस्प प्रतिक्रिया दी। अथिया ने अपनी एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वो हाथों में फूल थामे हुए हैं और फूलों से उनका चेहरा ढका हुआ है। इस फोटो के साथ अथिया ने लिखा– फूल मुझे खघ्ुश कर देते हैं। अथिया की इस फोटो को तमाम लोगों ने पसंद किया है। बॉयफ्रेंड केएल राहुल ने इस फोटो पर प्रतिक्रिया देते हुए गुलाब के फूल की इमोजी बनायी है। राहुल के इस जवाब को उनके फैंस भी लाइक कर रहे हैं और प्रतिक्रियाओं में लिख रहे हैं कि बिल्कुल ठीक किया। आईपीएल के बाद राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में भी अथिया को मिस करते हुए पोस्ट की थी। केएल राहुल और अथिया शेट्टी के बीच रिलेशनशिप की खघ्बरें आती रही हैं। सोशल मीडिया में अक्सर तस्वीरों और कमेंट्स के जरिए इन दोनों के रिश्ते की गहराई सामने आती रही है। अथिया के जन्मदिन पर भी दोनों के बीच मजेदार बातचीत का आदान–प्रदान हुआ था। अथिया ने अपना करियर सूरज पंचोली के साथ हीरो फिल्म से 2015 में शुरू किया था। सूरज का भी यह डेब्यू था। इस फिल्म को सलमान खघन ने प्रोड्यूस किया था। इसके बाद 2017 में अथिया अनीस बज्मी की फिल्म मुबारकां में नजर आयीं, जिसमें अर्जुन कपूर ने डबल रोल निभाया था। 2019 में अथिया की फिल्म मोतीचूर चकनाचूर रिलीज हुई, जिसमें नवाजउद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में थे। दो बेमेल लोगों के बीच यह एक स्मॉल टाउन लव स्टोरी थी। फिल्म में अथिया की अदाकारी की काफी तारीफ हुई थी। इस फिल्म को देबमित्र बिस्वाल ने निर्देशित किया था। माडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अथिया अब फुटबॉलर अफशां आशिकघ् की बायोपिक होप सोलो में नजर आएंगी, जिसमें वो टाइटल रोल निभा रही हैं।



# रॉ एजेंट बने सिद्धार्थ मल्होत्रा

## सबसे ख़तरनाक आपरेशन को पर्दे पर देंगे अंजाम

एजेंसी
सिद्धार्थ मल्होत्रा अब एक स्पाई एजेंट के रोल में बड़े पर्दे पर दिखायी देंगे। मिशन मजनू के नाम से बन रही फ़िल्म का फ़र्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है। सिद्धार्थ ने इसे सोशल मीडिया में शेयर कर फ़िल्म से इंट्रोड्यूस करवाया है। सत्तर के दशक में स्थापित इस कहानी में सिद्धार्थ रॉ एजेंट के किरदार में दिखेंगे। फ़र्स्ट लुक पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा रेट्रो लुक में हैं और उन्हें रिवॉल्वर थामे दिखाया गया है। बैकग्राउंड में जलती हुई बिल्डिंग और तबाह के दृश्य नज़र आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है– भारत के सबसे बड़े कोवर्ट ऑपरेशन की अनकही कहानी। इस पोस्टर को ट्विटर शेयर करके सिद्धार्थ ने लिखा– दुश्मन की हदों में हमारी इंटेलीजेंस एजेंसी द्वारा अंजाम दिया गया सबसे ख़तरनाक कोवर्ट ऑपरेशन। मिशन मजनू का फ़र्स्ट लुक पेश है। इस फ़िल्म में दक्षिण भारत की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना फीमेल लीड में नज़र आएंगी। रश्मिका का यह बॉलीवुड डेब्यू है। रॉनी स्क्रूवाला और अमर बुटाला इसका निर्माण कर रहे हैं, जबकि शांतनु बागची मिशन मजनू के निर्देशक हैं। विज्ञापन फ़िल्मों को निर्देशित करते रहे शांतनु की यह पहली फीचर फ़िल्म है। मिशन मजनू की रिलीज़ डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है। मिशन मजनू 1970 के दशक में हुई वास्तविक घटनाओं से प्रेरित फ़िल्म है, जब भारतीय इंटेलीजेंस एजेंसी ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर एक साहसी मिशन को अंजाम दिया था। परवेज शेख, असीम अरोरा और सुमित बठेजा ने फ़िल्म की कहानी लिखी है। सिद्धार्थ मल्होत्रा फ़िलहाल करण जौहर की फ़िल्म शेरशाह की शूटिंग कर रहे हैं, जो कारगिर वॉर हीरो परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की बायोपिक फ़िल्म है। इसमें कियारा आडवाणी फीमेल लीड रोल में हैं।




फ़िल्म का निर्देशन विष्णुवर्धन कर रहे हैं, जबकि करण जौहर निर्माता हैं। यह फ़िल्म इसी साल रिलीज़ होने वाली थी, मगर कोविड–19 पैनडेमिक की वजह से शूटिंग पूरी ना हो पाने की वजह से अब अगले साल आएगी। 2020 में सिद्धार्थ की कोई फ़िल्म रिलीज़ नहीं हुई। 2019 में उनकी दो फ़िल्में जबरिया जोड़ी और मरजावां आयी थीं, जिनमें से मरजावां ही सफल रही थी।

# पद्मिनी कोल्हापुरी के बेटे ने करीम मोरानी की बेटी से की सगाई

एजेंसी
फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे के बेटे प्रियंक शर्मा और निर्माता करीम मोरानी की बेटी शजा मोरानी ने सगाई






कर ली है श्रद्धा कपूर के भाई सिद्धांत कपूर ने सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है इस समय शादियों का माहौल गर्म है गौहर खान और जैद दरबार की हल्दी के बाद हाल ही में इंडियन क्रिकेटर यजुवेंद्र चहल ने कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा के साथ शादी की। अब पद्मिनी कोल्हापुरे के बेटे प्रियंक शर्मा ने निर्माता करीम मोरानी की बेटी शजा के साथ सगाई कर ली है प्रियांक और शजा पिछले 16 वर्षों से डेट कर रहे हैं हाल ही में उन्होंने अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया है श्रद्धा कपूर के भाई सिद्धांत ने सगाई की तस्वीरें शेयर की है शजा और प्रियांक ने अपने परिवार और दोस्तों के सामने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई है सिद्धांत कपूर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, इन दोनों के लिए मैं काफी खुश हूं मेरे दो पसंदीदा लोग शादी कर रहे हैं। सगाई में शजा काफी खुश और खूबसूरत लग रही थी उन्होंने ऑरेंज कलर का कुर्ता पहन रखा था प्रियंक शर्मा ने शेरवानी पहन रखी थीस इसके पहले सूत्रों ने बताया था कि कोरोना महामारी के बीच शजा मोरानी और प्रियांक शर्मा कोर्ट मैरिज करने वाले हैं। दोनों कोर्ट में इसकी एप्लीकेशन देने वाले हैं शादी रजिस्टर करने से पहले 1 महीने का नोटिस देना पड़ता है इसके बाद दोनों अगले वर्ष फरवरी में प्रॉपर शादी और रिसेप्शन करनेवाले है। करीम मोरानी बॉलीवुड फिल्म निर्माता है और वह कई फिल्मों और शो के निर्माता रहे है इसके अलावा वह शाहरुख खान के अच्छे दोस्त माने जाते हैं दोनों ने कई प्रोजेक्ट्स पर साथ काम किया हैं करीम मोरानी पर हाल ही में पुलिस का शिकंजा भी कसा था करीम मोरानी पर कई केस भी चल रहे हैं करीम एक फिल्म प्रोडक्शन कंपनी के भी मालिक हैं।

# शादी के बाद धनश्री वर्मा ने शेयर कीं युजवेंद्र चहल के साथ तस्वीर

एजेंसी, भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और फेमस यूट्यूबर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा शादी के बंधन में बंध गए हैं। 22 दिसंबर को धनश्री और युजवेंद्र ने शादी कर ली, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। धनश्री और युजवेंद्र ने बड़े गुपचुप तरीके से शादी की। लोगों को उनकी शादी के बारे में तब पता तब चला चब धनश्री और युजवेंद्र ने खघ्ुद शादी की फोटोज अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। उनकी शादी में केवल कुछ खघस लोग ही शामिल हुए थे। शादी के बाद क्रिकेटर और यूट्यूबर को फैंस की तरफ से ढेर सारी बधाइयां मिल रही हैं। अब शादी के बाद धनश्री ने अपनी सगाई की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में युजवेंद्र धनश्री के हाथों में अंगूठी पहनाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी फोटो में दोनों अपनी–अपनी अंगूठी दिखाते हुए काफी खुश दिख रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए दोनों ने कैप्शन में लिखा है, 'सब कुछ बहुत खूबसूरत था... इंगेजमेंट डे'। इन फोटोज के अलावा भी धनश्री और युजवेंद्र की इंगेजमेंट डे की कई फोटोज शोशल मडिया पर वायरल हो रही हैं जो उनके इंस्टाग्राम फैन पेज पर शेयर की गई हैं। इन फोटोज में नजर आ रहा है कि अपनी इंगेजमेंट पर ध ानश्री और युजवेंद्र ने एक ही रंग का आउटफिट कैरी किया था। जहां धनश्री ने क्रीम कलर का लहंगा पहना था जिस पर ब्लू रंग की एम्ब्रॉइड्री हुई थी, वहीं युजवेंद्र ने ब्लू रंग का कुर्ता पहना था जिसके साथ उन्होंने क्रीम कलर की जैकेट कैरी की थी। इन दोनों में दोनों काफी अच्छे लग रहे हैं। इससे पहले धनश्री और युजवेंद्र ने अपनी शादी की फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं। इन फोटोज में साथ में बैठे नजर आ रहे थे। धनश्री ने अपने शादी में जहां लाल रंग का लहंगा पहना था तो वहीं युजवेंद्र ने शादी में क्रीम कलर की शेरवानी पहनी थी। आपको बता दें धनश्री और चहल की इसी साल अगस्त में रोका सेरेमनी हुई थी। 8 अगस्त को धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर रोका सेरेमनी की फोटोज शेयर की थीं जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं।



हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः
आसिया जैदी
मो0– 9838040912
e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com
RNI No -
UPHIN/2015/63817
समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।

# अदिति राव हैदरी ने फिल्ममेकर की याद में लिखा इमोशनल नोट

एजेंसी
साल 2020 ने फिल्म इंडस्ट्री के कई अहम लोगों को हमसे छीन लिया और यह सिलसिला अभी भी जारी है। 2020 के खघ्त्म होने से चंद रोज पहले जाने–माने मलयालम फिल्ममेकर शानवास नरानीपुजा का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन पर एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने शोक जताते हुए एक इमोशनल नोट लिखा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शानवास का निधन कोची के एक प्राइवेट अस्पताल में हुआ, जहां उन्हें पिछले हफ्ते कार्डियोजेनिक शॉक के बाद भर्ती करवाया गया था। शानवास अपनी फिल्म गांधीराजन की शूटिंग कर रहे थे। बुधवार को उनका निधन हो गया। शानवाज सिर्फ 37 साल के थे। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने इंस्टाग्राम पर उनके साथ अपनी कुछ तस्वीरें शेयर करके लिखा– अपनी कहानियों की तरह ही वो दयालु और संवेदनशील थे। शानवास सर ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। मुझे उम्मीद है कि आपकी सूफियाना रूह को वैसी ही खघ्ूबसूरत जगह मिलेगी, जो आपने हमारे लिए सूफियम सुजातायम में बनायी थी। बहुत जल्दी चले गये। परिवार के लिए मेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं। सूफियम सुजातायम अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अदिति ने फिल्म में सुजाता नाम का मुख्य किरदार निभाया था। फिल्म में जयसूर्या, देव मोहन और सिद्दीकी ने अहम किरदार निभाये थे। यह उन पहली सात फिल्मों में शामिल है, जो कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थीं। फिल्म का लेखन–निर्देशन शानवास ने किया था। इसे विजय बाबू ने प्रोड्यूस किया था। विजय बाबू ने इंस्टाग्राम पर लिखा– हमने तुम्हारे लिए बेस्ट करने की कोशिश की शानू। बहुत प्यार। साल 2020 में कई फिल्म सेलेब्रिटीज ने हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। सुशांत सिंह राजपूत, ऋषि कपूर, इरफान खघन, एसपी बालासुब्रमण्यम, सरोज खघन, सौमित्र चटर्जी जैसी शानदार फिल्मी हस्तियों को यह साल अपने साथ ले गया।कई टीवी कलाकारों की जीवन यात्रा भी इस साल अलग–अलग कारणों से पूरी हुई।